नेशनल प्रेस टाइम्स
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
नई दिल्ली, बुधवार
07 मई 2025
नई दिल्ली। (राष्ट्रीय संस्करण) वर्ष : 11, अंक : 68 www.nationalpresstimes.com पृष्ठ : 10 मूल्य : 05 रुपया RNI No : UPHIN/2015/64579



# आज बजेगा देशभर में हवाई हमले का सायरन?

नई दिल्ली। 7 मई को मॉक ड्रिल के आयोजन के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा बुलाई गई बैठक में नागरिक सुरक्षा महानिदेशक और एनडीआरएफ महानिदेशक सहित कई उच्च पदस्थ अधिकारियों ने भाग लिया।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच केंद्र सरकार ने 7 मई को दिल्ली, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल समेत कई राज्यों में राष्ट्रव्यापी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की घोषणा की है। आज होने वाली राष्ट्रव्यापी ड्रिल तीन श्रेणियों में कुल 259 स्थानों पर आयोजित की जाएगी। 7 मई को देश के विभिन्न हिस्सों में हवाई हमले के सायरन बजेंगे, क्योंकि नागरिक मॉक ड्रिल में भाग लेंगे, जिसका उद्देश्य युद्ध की स्थिति में खुद को सुरक्षित रखना है।

वहीं, 7 मई को मॉक ड्रिल के आयोजन के संबंध में केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन द्वारा बुलाई गई बैठक में नागरिक सुरक्षा महानिदेशक और एनडीआरएफ महानिदेशक सहित कई उच्च पदस्थ अधिकारियों ने भाग लिया। पहलगाम आतंकवादी हमले को लेकर पाकिस्तान के साथ बढ़े तनाव के बीच हुई इस बैठक में गृह मंत्रालय के वरिष्ठतम अधिकारी द्वारा नागरिक सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की तैयारियों की समीक्षा किए जाने की उम्मीद थी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कई उच्चस्तरीय बैठकों के बीच मंगलवार को राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से मुलाकात की।

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से "नए और जटिल खतरों" से निपटने के लिए मॉक ड्रिल करने को कहा है।

शेष पेज 2 पर



# यूपी कैबिनेट के फैसले: नई स्थानांतरण नीति सहित कैबिनेट ने लिए 11 महत्वपूर्ण फैसले

## पार्किंग के लिए बने नए नियम



लखनऊ। यूपी कैबिनेट की एक महत्वपूर्ण बैठक मंगलवार को हुई। बैठक में 11 फैसलों पर मुहर लगी। इसकी जानकारी सुरेश खन्ना ने पत्रकार वार्ता के जरिए दी।

यूपी कैबिनेट की महत्वपूर्ण बैठक आज हुई। बैठक के बाद हुई पत्रकार वार्ता में मंत्री सुरेश खन्ना ने इस बैठक के महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में जानकारी दी। कैबिनेट के फैसलों में प्रदेश में पार्किंग का स्थान तय करने पर चर्चा हुई। कैबिनेट ने फैसला लिया कि उत्तर प्रदेश के सभी नगर निगमों में एक समान पार्किंग नियम लागू किए जाएंगे। इसके साथ ही साथ प्रदेश में कर्मचारियों के तबादलों की नई नियमों की घोषणा की गई।

**नई तबादला नीति पर मुहर** – इसी बैठक में तबादले की नई नीति पर मुहर लगी। अब प्रदेश के सभी कर्मचारियों के तबादले 15 मई से 15 जून के बीच होगी। उसके पहले संबंधित विभाग में इसकी पूरी प्रक्रिया कर ली जाएगी।

**दुधवा महोत्सव कराएगी प्रदेश सरकार** – योगी सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने और सांस्कृतिक धरोहरों को वैश्विक मंच पर पहचान दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

### ये हैं कैबिनेट के महत्वपूर्ण फैसले

1- राज्य कर्मचारियों की तबादला नीति को मंजूरी, 15 मई से 15 जून के बीच होंगे तबादले
2- शहरों में नई पार्किंग नीति को मंजूरी, पीपीपी मॉडल पर बनेगी पार्किंग
3- पहले चरण में 17 नगर निगमों में पार्किंग नीति की होगी शुरूआत
4- पार्किंग के लिए पांच साल के लिए दिया जाएगा लाइसेंस
5- पार्किंग का किराया नगर निगम तय करेंगे
6- राज्य कर विभाग का दर्जा, व्यवसायिक से बदलकर सेवारत विभाग किया गया
7- उत्तरप्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क( स्थापना व विनियमन) नीति 2025 प्रस्ताव को मंजूरी

शेष पेज 2 पर

# BPSC TRE-3 के अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, सीएम आवास का कर रहे थे घेराव



पटना । BPSC TRE-3 के अभ्यर्थी सीएम आवास की ओर बढ़े जा रहे थे। पुलिसबल उन्हें लगातार चेतावनी दे रही थी। उन्हें रोकने की भी कोशिश की जा रही थी। अभ्यर्थियों की मांग थी कि सीएम एक बार उनसे मिल लें, इसी बीच पुलिस ने लाठी चार्ज शुरू कर दिया।

बिहार में BPSC TRE 3 सप्लीमेंट्री रिजल्ट प्रकाशित करने की मांग को लेकर अभ्यर्थी लगातार आंदोलन कर रहे हैं। आज अहले सुबह उट हाउस का घेराव करने पहुंचे BPSC अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया है, जिसमें कई अभ्यर्थी घायल हो गये। अभ्यर्थी मंगलवार सुबह इढरउ ळफए-3 के सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग को लेकर सीएम हाउस के बाहर विरोध जताने पहुंचे थे। इसी दौरान पुलिस ने उनपर लाठी चार्ज कर दिया। अभ्यर्थियों का कहना है कि हमलोग कई महीनों से लगातार धरना प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन हमारी मांगों को अब तक किसी ने नहीं सुना।

शेष पेज 2 पर

## पुतिन ने पहले फोन पर कहा-

# आतंकियों को ठोको, फिर भेज दिया वो घातक हथियार, 2 मिनट में 200 टैंक तबाह

**नई दिल्ली** । राजनाथ सिंह ने तो इशारों इशारों में संकेत भी दिया कि आपके मन मुताबिक ही प्लान चल रहा है। यानी देश की जनता जो चाह रही है वह होगा। लेकिन भारत की रणनीति से घबराया पाकिस्तान यूएनएससी की शरण में पहुंचा। लेकिन वहां भी उसे मुंह की खानी पड़ी है।



पहलगाम आतंकी हमले को 13 दिन बीत चुके हैं और हर भारतीयों के मन में एक ही सवाल है कि भारत इस हमले का कब जवाब देगा? 2016 के उरी और 2019 के पुलवामा हमले के बाद भारत ने 11 और 12 दिनों के भीतर पाकिस्तान में सर्जिकल स्ट्राइक की थी। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री मोदी और गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कड़े बयानों से संकेत मिल रहा है कि जवाबी कार्रवाई जल्द हो सकती है। पीएम मोदी जिस तरह से मीटिंग्स कर रहे हैं, उससे भी संकेत मिल रहे हैं कि भारत अब सैन्य कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। एक के बाद एक पीएम मोदी की मैराथन बैठक, रक्षा सचिव, वायु सेना प्रमुखॉ, नैसेना प्रमुख हर स्तर पर चर्चा सिर्फ एक दिशा में जा रही है। अबकी बार हिसाब पूरा होगा। भारत ठोस सबूत जुटाने में जुटा है और इसके बाद एक्शन लिया जाएगा जो पाकिस्तान को लंबे समय तक हिला कर रख दे।

राजनाथ सिंह ने तो इशारों इशारों में संकेत भी दिया कि आपके मन मुताबिक ही प्लान चल रहा है। यानी देश की जनता जो चाह रही है वह होगा। लेकिन भारत की रणनीति से घबराया पाकिस्तान यूएनएससी की शरण में पहुंचा। लेकिन वहां भी उसे मुंह की खानी पड़ी है। पाकिस्तान जो हर बार आतंकवाद का मास्टरमाइंड बनकर निकलता है। उसकी खुद को बेचारा साबित करने की कोशिश भी काम नहीं आई है। यूएनएससी में बंद कमरे में सोमवार दोपहर को डेढ़ घंटे हुई बैठक के बाद पाकिस्तान की फजीहत हुई। संयुक्त राष्ट्र ने इस बैठक के बाद ना तो किसी तरह का आधिकारिक बयान जारी किया और ना किसी तरह का रिजॉल्यूशन पारित किया गया।

एक तरफ कुछ इस्लामिक देश धर्म के नाम पर पाकिस्तान के साथ एकजुट हो रहे हैं। दूसरी तरफ दुनिया के तमाम मुल्क आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़े हैं।

शेष पेज 2 पर

# पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले नेवी अफसर विनय नरवाल के परिवार से मिले राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा भी रहे मौजूद



**नई दिल्ली** । गांधी का यह दौरा अनंतनाग जिले के पहलगाम के पास एक खूबसूरत घास के मैदान में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर हो रहा है। इस हमले में कुल 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मंगलवार को 26 वर्षीय नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल के परिवार से मुलाकात की, जो 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए थे।

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी दोपहर में करनाल पहुंचे। उनके साथ कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा और अन्य पार्टी नेता भी थे। कांग्रेस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "विपक्ष के नेता राहुल गांधी हरियाणा के करनाल पहुंचे हैं। वह पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए भारतीय नौसेना के अधिकारी लेफ्टिनेंट विनय नरवाल जी के परिवार से मिले।

शेष पेज 2 पर

## खरगे का दावा- खरगे का दावा-

# पीएम मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, इसीलिए जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द किया

रांची। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर खुफिया इनपुट के मल्लिकार्जुन खरगे के दावे के बाद सियासी गलियारे में हलचल तेज हो गई है। भाजपा ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना करने का मकसद सुरक्षा बलों का मनोबल गिराना था।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे झारखंड की राजधानी रांची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने मंगलवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी को जम्मू-कश्मीर में हुए आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, जिसके बाद ही उन्होंने केंद्र शासित प्रदेश का अपना दौरा रद्द कर दिया था। उन्होंने कहा कि 22 अप्रैल को पहलगाम हमले से तीन दिन पहले प्रधानमंत्री को एक खुफिया रिपोर्ट भेजी गई थी। इसलिए उन्होंने कश्मीर जाने का अपना कार्यक्रम रद्द कर दिया। मैंने यह बात एक अखबार में भी पढ़ी।

'सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी'

शेष पेज 2 पर

## सुरक्षा मॉक ड्रिल ■ देश में कहां-कहां होगी मॉक ड्रिल

# कैसी रखनी होगी तैयारी, क्या आपका जिला है लिस्ट में शामिल?

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) के लिए देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने को कहा है, ताकि किसी आपात स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। आईए जानते हैं, मॉक ड्रिल के दौरान क्या करना है और किन बातों का ध्यान रखना है।



देश के 250 से ज्यादा जिलों में 7 मई (बुधवार) को एक बड़ी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निर्देश दिए हैं कि वे इस अभ्यास को गंभीरता से लें और अपनी सुरक्षा तैयारियों को परखें। केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में लोगों की सक्रिय सहभागिता के साथ ह्यमॉकह्ण अभ्यास करने पर विस्तार से चर्चा की गई। पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच उभरे ह्यह्यनए और जटिल खतरोंह्णह्ण को देखते हुए गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से बुधवार को मॉक ड्रिल करने को कहा है।

सभी राज्यों में अधिकारी मॉक ड्रिल के दौरान शिक्षण संस्थानों के छात्रों, सरकारी और निजी संस्थानों के कर्मचारियों, अस्पताल कर्मचारियों, रेलवे और मेट्रो अधिकारियों के अलावा पुलिस, अर्द्धसैनिक और रक्षा बलों के वदीर्धारी कर्मियों को भी शामिल करेंगे।

जानकारी के मुताबिक, देशभर में कल राष्ट्रव्यापी सुरक्षा तैयारी अभ्यास किया जाएगा। अभ्यास मुख्य रूप से हवाई हमले के सायरन और ब्लैकआउट जैसी स्थितियों की तैयारी पर केंद्रित होगा। मंगलवार को गृह सचिव गोविंद मोहन की अध्यक्षता में हुई बैठक में 2010 में अधिसूचित 259 नामित नागरिक सुरक्षा जिलों पर विशेष ध्यान दिया गया।

शेष पेज 2 पर

# मेगा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आज, हर जिले में 50-50 स्कूल किए गए चिन्हित, अस्पताल भी रहेंगे अलर्ट

एनपीटी ब्यूरो



नई दिल्ली। इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए मंगलवार को दिल्ली में दिनभर अलग-अलग जगहों पर उच्च स्तरीय बैठक चलती रही। इसमें दिल्ली के सभी जिलों में 50-50 स्कूलों में, दिल्ली के सबसे बड़े लोक नायक अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में यह ड्रिल करने का फैसला लिया गया।

केंद्र सरकार के निर्देश पर बुधवार को होने वाले मेगा सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के दौरान दिल्ली में जल-थल-नभ पर नजर रहेगी। दिल्ली की सभी सिविक एजेंसियों के साथ सुरक्षा एजेंसियों सतर्क रहने का निर्देश दिया गया है। यह एजेंसियां किसी भी प्रकार के आपदा से निपटने के लिए सतर्क रहेंगी।

इस मॉक ड्रिल को सफल बनाने के लिए मंगलवार को दिल्ली में दिनभर अलग-अलग जगहों पर उच्च स्तरीय बैठक चलती रही। इसमें दिल्ली के सभी जिलों में 50-50 स्कूलों में, दिल्ली के सबसे बड़े लोक नायक अस्पताल सहित अन्य अस्पतालों में यह ड्रिल करने का फैसला लिया गया। जिला अधिकारियों ने अपने अपने क्षेत्र में कुछ जगहों को चिन्हित कर ड्रिल करने का आदेश दिया है। इन स्थानों पर शाम चार बजे यह ड्रिल होगा। वहीं लोक नायक अस्पताल के डिजास्टर वार्ड में दोपहर 12 बजे ड्रिल होगी।

**कुछ ऐसा होगा ड्रिल**

1. हवाई हमले की चेतावनी सायरन

-हवाई हमले के सायरन की आवाजों को सुनकर निकटतम आश्रय स्थानों की पहचान करना व उनमें छुपना शामिल होगा।

- एक बुनियादी आपातकालीन किट तैयार रखना होगा। इसमें अतिरिक्त बैटरी के साथ टॉर्च, पानी की बोतलें, लंबे समय तक चलने वाले खाद्य पदार्थ, प्राथमिक चिकित्सा किट

**ड्रिल के दौरान क्या करें**

- तुरंत बाहरी गतिविधियां बंद करें और निकटतम आश्रय की ओर बढ़ें। जब तक आवश्यक न हो, फोन का उपयोग करने से बचें

**नागरिक और छात्र प्रशिक्षण**

-बच्चों को आपातकालीन प्रतिक्रिया की बातें सिखाएं - नीचे झुकना और अपने सिर को ढकना। घर, स्कूल या पड़ोस में सुरक्षित स्थानों की पहचान करना, मामूली चोटों का इलाज या सीपीआर जैसी प्राथमिक चिकित्सा तकनीकों का अभ्यास करना।

**यह न करें**

बच्चों या खुद के लिए इन अभ्यासों के महत्व को नजरअंदाज न करें। यह न मानें कि दूसरे आपकी सुरक्षा की जिम्मेदारी लेंगे।

3. क्रैश ब्लैकआउट उपाय

सभी खिड़कियों पर मोटे ब्लैकआउट पर्दे या ब्लाइंड लगाएं। ब्लैकआउट के दौरान अपने घर को बिना रोशनी के काम करने के लिए तैयार करें। गहरे रंग के कपड़े या कार्डबोर्ड जैसी रोशनी को रोकने वाली सामग्री का उपयोग करें।

महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के पास किसी भी अपरिचित गतिविधि की सूचना अधिकारियों को दें। स्थानीय सुविधाओं के बारे में संवेदनशील जानकारी सोशल मीडिया पर साझा करने से बचें।

**बचाव के लिए यह करें**

- अधिकारियों के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों को छिपाने के तरीके को देखें और जानें ताकि इसका महत्व समझ सकें। अभ्यास करने वाले अधिकारियों के लिए सुगम पहुंच सुनिश्चित करके उनका समर्थन करें।

- निकासी मार्गों का अध्ययन करें और निकटतम आश्रय या सुरक्षित क्षेत्र की पहचान करें।

- बताए गए रास्तों का उपयोग सही से करें।

- यदि आवश्यक हो तो बुजुर्गों या विकलांग व्यक्तियों की सहायता करें।

- शांत रहें और अधिकारियों या मार्शलों के निदेशों को सुनें।

# 'हम मॉक ड्रिल के लिए तैयार': सीएम रेखा बोलीं- गृह मंत्रालय के निर्देश का होगा पालन, दिल्ली में बढ़ी सुरक्षा



नई दिल्ली । गृह मंत्रालय के निर्देश के बाद राजधानी दिल्ली में सुरक्षा अलर्ट कर दी गई है। देश भर में मॉक ड्रिल करने के गृह मंत्रालय के आदेश पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हम पूरी तरह से तैयार हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कई राज्यों को 7 मई को मॉक ड्रिल कराने के निर्देश दिए हैं। ताकि आपात स्थितियों में नागरिकों को तैयार किया जा सके। राजधानी दिल्ली में भी सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। वहीं गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का बयान सामने आया है। वहीं दिल्ली के कनॉट प्लेस में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पुलिस और अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है।

दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार दिल्ली के लोगों को चौबीसों घंटे बिजली देने के लिए प्रतिबद्ध है। यह एक नई तकनीक का सबस्टेशन है। यह दिल्ली के परिवेश के अनुकूल है। देश भर में मॉक ड्रिल करने के गृह मंत्रालय के आदेश पर उन्होंने कहा कि दिल्ली इसके लिए पूरी तरह तैयार है। दिल्ली के लोग और सरकार देश के साथ हैं और हम केंद्र सरकार के हर निर्देश का पालन कर रहे हैं।

वहीं दूसरी तरफ कई राज्यों को 7 मई को प्रभावी नागरिक सुरक्षा के लिए मॉक ड्रिल करने के गृह मंत्रालय के आदेश पर दिल्ली के मंत्री आशीष सूद ने कहा कि 1971 के बाद पहली बार ऐसी घोषणा की गई है। हम इसके लिए तैयार हैं। दिल्ली के लोग पूरे दिल से पीएम नरेंद्र मोदी और उनके आह्वान के साथ हैं।

**कनॉट प्लेस के हनुमान मंदिर से स्वच्छता अभियान शुरू**

इससे पहले दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने आज कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर में पूजा-अर्चना की। साथ ही मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान में हिस्सा लिया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली में सिविक एजेंसियों और सरकार द्वारा एनडीएमसी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है।

आगे कहा कि हमने सभी को एक संदेश दिया है कि दिल्ली में सफाई अभियान को दुरुस्त करने के लिए सबको अब सड़कों पर उतरना होगा। सभी इस स्वच्छता अभियान में जुड़कर एक बेहतर दिल्ली, सुंदर दिल्ली को सामने लाने का प्रयास करें। मैं समझती हूं कि साफ दिल्ली लोगों का अधिकार है।

# राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम में बोलीं सीएम, सरकार महिलाओं की हर समस्या का करेगी समाधान

नई दिल्ली। दिल्ली में महिलाओं की समस्याओं को सीधे उनके पास पहुंचकर हल करने की दिशा में राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें सीएम ने कहा कि इस जनसुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रशासन राष्ट्रीय महिला आयोग का पूरा साथ देगा।

दिल्ली सरकार महिलाओं की हर समस्या को हल करने और उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह समर्पित है। दिल्ली में महिलाओं की सुरक्षा के लिए कई इंतजाम किए जा रहे हैं। यह बात मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को राष्ट्रीय महिला आयोग की पांच दिवसीय महिला महा जनसुनवाई के उद्घाटन के मौके पर कहीं। वह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि थीं।

दिल्ली में महिलाओं की समस्याओं को सीधे उनके पास पहुंचकर हल करने की दिशा में राष्ट्रीय महिला आयोग ने राष्ट्रीय महिला आयोग आपके द्वार कार्यक्रम शुरू किया है। इसमें सीएम ने कहा कि इस जनसुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस और प्रशासन राष्ट्रीय महिला आयोग का पूरा साथ देगा।

जसोला स्थित राष्ट्रीय महिला आयोग कार्यालय में शुरू हुए इस कार्यक्रम में आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के साथ मिलकर उन्होंने महिलाओं की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए तेजी से कदम उठाने का भरोसा दिलाया। अगले चार दिन तक लंबित मामलों को सुनकर तुरंत समाधान करने की कोशिश की जाएगी। आयोग की ओर से देशभर में महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जा रहा है।

लंबित मामलों का होगा हल : रहाटकर- विजया रहाटकर ने कहा कि अगर कोई महिला दिल्ली आकर आयोग में शिकायत दर्ज नहीं कर सकती, तो आयोग उसकी समस्या का हल लेकर उसके पास पहुंचेगा। दिल्ली के लंबित मामलों को खत्म कर महिलाओं की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

पाक्षिक पत्रिका जागृति का भी शुभारंभ- इस मौके पर राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपनी पाक्षिक पत्रिका जागृति का भी शुभारंभ किया। इस पत्रिका में महिलाओं की उपलब्धियां, सुप्रीम कोर्ट के आदेश, उनके विभिन्न क्षेत्रों में किए गए काम और सरकार की नई योजनाओं को प्रमुखता दी गई है। विजया रहाटकर ने कहा कि इस पत्रिका का मकसद महिलाओं से जुड़ी सभी खबरों को एक जगह लाना और उन्हें उचित समाधान देना है।

शिवाजी कॉलेज की दो छात्राओं को मिला सम्मान- कार्यक्रम के दौरान विजया रहाटकर ने दिल्ली विश्वविद्यालय के शिवाजी कॉलेज की दो छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। ये छात्राएं शिक्षा और खेलों में शानदार प्रदर्शन के लिए चुनी गई थीं।

# पेज एक का शेष...

## आज बजेगा देशभर में हवाई हमले का सायरन?

गृह मंत्रालय के संचार के अनुसार, मॉक ड्रिल के दौरान किए जाने वाले उपायों में हवाई हमले की चेतावनी देने वाले सायरन का संचालन, नागरिकों को शत्रुतापूर्ण हमले की स्थिति में खुद को बचाने के लिए नागरिक-रक्षा पहलुओं पर प्रशिक्षण देना और बंकरों और खाइयों की सफाई करना शामिल है।

निर्धारित मॉक ड्रिल के तहत, राज्य क्रैश-ब्लैकआउट उपायों, महत्वपूर्ण संयंत्रों और प्रतिष्ठानों को समय से पहले छिपाने से संबंधित अधिकारियों की प्रतिक्रिया को मापेंगे। वे निकासी योजनाओं का भी पूर्वाभ्यास करेंगे।

## यूपी कैबिनेट के फैसले: नई स्थानांतरण नीति सहित कैबिनेट ने लिए 11 महत्वपूर्ण फैसले

इसी कड़ी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखीमपुर खीरी स्थित दुधवा टाइगर रिजर्व में दुधवा महोत्सव कराने का निर्णय लिया है। दुधवा महोत्सव नवंबर में होगा। यह प्रदेश का पहला आवासीय सांस्कृतिक एवं वन्यजीव महोत्सव है। तीन दिवसीय महोत्सव-25 न सिर्फ प्रदेश की सांस्कृतिक विविधता और जैविक समृद्धि का उत्सव होगा, बल्कि यह पर्यटकों को जंगल की गोद में प्रकृति से जुड़ने और थारू संस्कृति को करीब से जानने का मौका भी देगा। साथ ही देश की जानी मानी हस्तियों द्वारा परफॉर्मेंस भी दी जाएगी।

**अडानी से बिजली खरीदेगा यूपी-** यूपी में बिजली की खरीद अडानी पॉवर लिमिटेड से होगी। लगभग 5 रूपए 38 पैसे प्रति यूनिट की दर से यह बिजली खरीदी जाएगी। एक अनुमान के मुताबिक इससे 2958 करोड़ की बजत होगी।

प्राइवेट बसों के लिए बनेंगे बस स्टैंड- यूपी में निजी बसों के संचालन को व्यवस्थित करने के लिए सरकार उत्तर प्रदेश स्टेट कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति 2025 लागू करेगी। इसके तहत सभी 75 जिलों में प्राइवेट बसों के लिए बस स्टैंड बनाए जाएंगे। इन बस अड्डों पर यात्रियों और ड्राइवर-कंडक्टरों के लिए सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। नई नीति से यातायात व्यवस्था सुधरेगी और यात्रियों को सुविधा मिलेगी।

1500 मेगावाट बिजली की खरीद- बिजली आपूर्ति की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए सरकार 1600 मेगावाट की परियोजना से 1500 मेगावाट बिजली खरीदने का प्रस्ताव पारित करेगी। यह खरीद प्रतिस्पर्धात्मक बिडिंग के आधार पर होगी, जिससे राज्य में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे प्रदेश में बिजली व्यवस्था बेहतर होगी।

## BPSC TRE-3 के अभ्यर्थियों पर पुलिस ने किया लाठीचार्ज, सीएम आवास का कर रहे थे घेराव

तब थक-हारकर हमलोग मुख्यमंत्री के आवास पर अपनी बात रखने आये, लेकिन पुलिस वालों ने बर्बरतापूर्वक हमलोगों के साथ मारपीट की। कई महिला अभ्यर्थियों ने कहा कि हम महिला अभ्यर्थियों पर भी पुलिस वालों ने डंडा बरसाए हैं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महिला अभ्यर्थियों को ये पुलिस वाले भद्दी भद्दी गालियाँ भी दी। उनका कहना था कि हमारी मांग बस इतनी सी है कि इढरउ ळफए 3 में जितने सीट पर वेकेंसी आई थी, इसके बाद जितना पड़ा खाली रह गया,उसमें सरकार सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करे।

शिक्षा मंत्री के आवास का भी किया था घेराव -इससे पहले, 24 मार्च को भी शिक्षक अभ्यर्थियों ने शिक्षा मंत्री सुनील कुमार के आवास के बाहर प्रदर्शन किया था। मंत्री जब वहां पहुंचे, तो अभ्यर्थियों ने उन्हें घेर लिया और सप्लीमेंट्री रिजल्ट जारी करने की मांग पर अड़ गए। स्थिति इतनी तनावपूर्ण हो गई कि पुलिस को मंत्री को सुरक्षित निकालना पड़ा। प्रदर्शनकारियों ने उन्हें सड़क पर भी घेर लिया, जिससे उन्हें अपनी गाड़ी तक पहुंचने में काफी कठिनाई हुई।

## आतंकियों को ठोको, फिर भेज दिया वो घातक हथियार, 2 मिनट में 200 टैंक तबाह

भारत को आतंकवाद के खिलाफ पूरा समर्थन देने का ऐलान कर रहे हैं। ये भारत के सच्चे मित्र देश हैं। दिल्ली में बीते दिन भारत के ऐसे ही मित्र देश रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का फोन आया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात करते हुए राष्ट्रपति पुतिन ने पहलगाम हमले की कड़ी निंदा की। राष्ट्रपति पुतिन ने पीएम मोदी से दो बड़ी बातें कही जिसे सुनकर पाकिस्तान के हर दोस्त और भारत के हर दुश्मन के होश उड़ाने के लिए काफी हैं। पुतिन ने कहा कि पहलगाम हमले के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए। यान पुतिन ने पाकिस्तान पर सीधा निशाना साधा है। पुतिन ने प्रधानमंत्री मोदी से कहा कि रूस आतंकवाद के खिलाफ भारत की लड़ाई का पूरा समर्थन करता है। इसका मतलब पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए अगर जंग होती है तो रूस भारत के साथ खड़ा रहेगा।

रूस से एक दिन पहले ही एयर डिफेंस के लिए पोर्टेबल एग्ला मिसाइल्स भी भारत पहुंच चुकी है। देश की वायु रक्षा क्षमता में बड़ा इजाफा हुआ है। इन्हें अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया जा रहा है ताकि दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन और अटैक हेलिकॉप्टर को बेहद करीब से मार गिराया जा सके। इन मिसाइलों की आपूर्ति 250 करोड़ रुपये के विशेष खरीद अनुबंध के तहत की गई है, जिसे भारतीय सेना ने रूस के साथ हस्ताक्षरित किया था।

## पहलगाम हमले में जान गंवाने वाले नेवी अफसर विनय नरवाल के परिवार से मिले राहुल गांधी, दीपेंद्र हुड्डा भी रहे मौजूद

गांधी का यह दौरा अनंतनाग जिले के पहलगाम के पास एक खूबसूरत घास के मैदान में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर हो रहा है। इस हमले में कुल 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। लेफ्टिनेंट नरवाल छुट्टी पर कश्मीर गए थे और हमले के समय अपनी पत्नी के साथ थे। उनकी शादी का रिसेप्शन कुछ दिन पहले ही 16 अप्रैल को हुआ था। पिछले महीने करनाल में उनका अंतिम संस्कार किया गया था, जिसमें उनके पिता राजेश नरवाल और मामा ने सैकड़ों शोकसभाओं के सामने समारोह का नेतृत्व किया था।

उनके पिता ने कहा कि परिवार को सरकार पर भरोसा है और उन्हें न्याय की उम्मीद है। उन्होंने कहा, "यह क्षति असहनीय और अपूरणीय है।" हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की पत्नी सुमन सैनी भी शोक सभा में शामिल होने के लिए नरवाल के परिवार से मिलने गईं। उन्होंने कहा,"आज का दिन बहुत दुखद है। परिवार ने अपना प्यारा बेटा खो दिया है और मैं ईश्वर से प्रार्थना करती हूं कि उन्हें यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें। 22 अप्रैल को हुआ आतंकी हमला निंदनीय है। पूरा देश इस क्षति पर शोक मना रहा है।" इससे पहले मुख्यमंत्री ने नरवाल के परिवार के एक सदस्य को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता और सरकारी नौकरी देने की घोषणा की थी।

## पीएम मोदी को आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट मिली थी, इसीलिए जम्मू-कश्मीर दौरा रद्द किया

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें से ज्यादातर पर्यटक थे। झारखंड की राजधानी रांची में 'संविधान बचाओ' रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने दावा किया कि सर्वदलीय बैठक के दौरान पीएम मोदी ने स्वीकार किया कि खुफिया जानकारी में खामी थी। उन्होंने पूछा, 'क्या केंद्र को पहलगाम हमले में हुई मौतों के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुफिया जानकारी में खामी स्वीकार कर ली है।' उन्होंने एलान किया कि कांग्रेस पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए केंद्र के साथ खड़ी है, क्योंकि देश सर्वोच्च है और पार्टी, धर्म और जाति से परे है।

'पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए गए?'

उन्होंने सरकार से तीखे सवाल करते हुए कहा कि आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट होने के बाद भी केंद्र ने पहलगाम में अधिक सुरक्षा बल क्यों नहीं तैनात किए? क्या केंद्र को पहलगाम हमले में जानमाल के नुकसान के लिए जवाबदेह नहीं होना चाहिए, जब उसने खुद खुफिया चूक स्वीकार कर ली है। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान के खिलाफ किसी भी कार्रवाई के लिए कांग्रेस सरकार के साथ खड़ी है। पार्टी से परे देश सर्वोच्च है। हालांकि, खरगे ने यह आरोप भी लगाया कि संभावित आतंकी हमले की खुफिया रिपोर्ट के बाद पीएम मोदी ने कश्मीर का दौरा रद्द कर दिया।

'भाजपा केवल 'जुमला' में विश्वास करती है'

उन्होंने कहा कि हम भारत, गरीब लोगों, आदिवासियों के लिए लड़ते हैं। भाजपा केवल 'जुमला' (बयानबाजी) में विश्वास करती है। कांग्रेस प्रमुख ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी की नीति सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को बंद करना, एससी, एसटी, ओबीसी समुदायों से नौकरियां छीनना है।

भाजपा ने किया पलटवार

मामले में भाजपा ने पलटवार किया। झारखंड भाजपा प्रमुख बाबूलाल मरांडी ने कहा कि खरगे की टिप्पणी ऐसे महत्वपूर्ण समय पर आई है, जब आतंकवाद और पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाई निर्णायक मोड़ पर है।

## देश में कहां-कहां होगी मॉक ड्रिल

**किन-किन जिलों में अभ्यास की तैयारी-** राजस्थान, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, पश्चिम बंगाल और पूर्वोत्तर जैसे सीमावर्ती राज्यों में स्थित इन जिलों को अभ्यास करने का निर्देश दिया गया है। दिल्ली, पश्चिम बंगाल और पंजाब जैसे राज्यों में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक सक्रिय हैं। ये नियमित रूप से यातायात और भीड़ प्रबंधन सहित नागरिक कर्तव्यों में लगे रहते हैं। भारत की नागरिक सुरक्षा प्रणाली मुख्य रूप से स्वैच्छिक आधार पर संचालित होती है, जिसे वेतनभोगी कर्मियों के एक छोटे से समूह की ओर से नियंत्रित किया जाता है। आपात स्थिति के दौरान इसे बढ़ाया जाता है।

2010 में गृह मंत्रालय की ओर से संशोधित की गई मॉक ड्रिल वाले जिलों की सूची में राज्यवार संवेदनशीलता के आधार पर जिलों को बांटा गया है। देश के 25 राज्यों के कुल 244 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को एक से तीन श्रेणी के बीच रखा गया है। दरअसल, गृह मंत्रालय ने देश के कुल 35 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों में 259 सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट की सूची तैयार की थी। हालांकि, सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट को सामान्य प्रशासनिक जिले नहीं कहा जा सकता। उत्तर प्रदेश में ऐसे कुल 19 जिले हैं। इनमें कानपुर, लखनऊ, मथुरा जैसे प्रशासनिक जिले और बक्शी का तालाब, सरवासा जैसे स्थान भी हैं, जो लखनऊ और सहारनपुर में हैं। यहां एयर फोर्स स्टेशन हैं।

'मशालें, मोमबत्तियां, नकदी तैयार रखें'- सूत्रों के मुताबिक, गृह मंत्रालय में चल रही बैठक में देश भर में 244 नागरिक सुरक्षा प्रतिष्ठानों की स्थिति की समीक्षा की जा रही है। समीक्षा इस बात पर केंद्रित है कि मौजूदा उपकरण काम कर रहे हैं या उनकी मरम्मत की आवश्यकता है। बैठक में यह भी देखा जा रहा है कि आपातकालीन हालात में नागरिकों को कैसे प्रशिक्षित किया जाए। हवाई हमले के सायरन के प्रति जनता की प्रतिक्रिया, ब्लैकआउट के दौरान की जाने वाली कार्रवाई और आवश्यक आपूर्ति की तैयारियों पर भी बात की गई।

अधिकारियों ने संभावित इलेक्ट्रॉनिक विफलता के लिए तैयार रहने के लिए घरों में चिकित्सा किट, मशालें, मोमबत्तियां और नकदी रखने की जरूरत पर जोर दिया।

# 7 मई को तेज सायरन सुनें तो घबराएं नहीं, यह युद्ध नहीं मॉक ड्रिल है

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

7 मई को यदि आप तेज सायरन की आवाज सुनें तो घबराएं नहीं, यह किसी आपात स्थिति या युद्ध की सूचना नहीं है। यह एक मॉक ड्रिल है, जिसे सरकार और आपदा प्रबंधन एजेंसियों द्वारा आयोजित किया जा रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य किसी आपातकालीन स्थिति, विशेष रूप से हवाई हमले या अन्य सैन्य खतरे की स्थिति में नागरिकों की तत्परता और प्रतिक्रिया की जांच करना है।

यह मॉक ड्रिल यानी युद्ध जैसी स्थिति की तैयारी का अभ्यास है. जिसमें विभिन्न स्थानों पर सायरन बजाए जाएंगे। जंग वाले सायरन की आवाज बेहद तेज होती है. आमतौर पर यह 2-5 किलोमीटर की रेंज तक सुनाई दे सकती है. सायरन बजने का मतलब है कि लोग तुरंत सुरक्षित स्थानों की ओर रवाना हों. लेकिन मॉक ड्रिल के दौरान आप पैनि?क न हों. सिर्फ खुले इलाकों से हट जाएं. घरों या सुरक्षित इमारतों के अंदर जाएं.और सरकारी दिशा-निदेर्शों का पालन करने का अनुरोध किया गया है।

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों से बचें और सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के कोई जानकारी साझा न करें। यह ड्रिल पूरी तरह से योजनाबद्ध और नियंत्रित प्रक्रिया का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य सिर्फ जागरूकता और तैयारियों को परखना है।

आपदा प्रबंधन विभाग, स्थानीय प्रशासन, पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां इस मॉक ड्रिल में शामिल होंगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे सहयोग करें और इस अभ्यास को गंभीरता से लें, ताकि किसी वास्तविक आपात स्थिति में उचित और समयबद्ध प्रतिक्रिया सुनिश्चित की जा सके।

# स्कैनफेस्ट 2025 में मोदीनगर को मिली पहचान, अंतरराष्ट्रीय मंच पर डॉ. प्राची का परचम।

**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो।**

मोदीनगर । दिल्ली के ऐरोसिटी स्थित हॉलिडे इन होटल में अंतरराष्ट्रीय स्तर की तीन दिवसीय रेडियोलॉजी कॉन्फ्रेंस ह्लस्कैनफेस्ट 2025ह्व का आयोजन हुआ। इस वर्ष कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय था ह्लफीटल इमेजिंगह्व जिसमें गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य से संबंधित उन्नत तकनीकों और अध्ययनों पर चर्चा की गई। देश-विदेश से 1000 से अधिक प्रतिष्ठित रेडियोलॉजिस्ट्स ने इस कॉन्फ्रेंस में भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में भारत के विभिन्न राज्यों के साथ-साथ इजराइल, इंग्लैंड और बार्सिलोना जैसे देशों से भी विशेषज्ञ स्पीकर्स आमंत्रित किए गए थे।



इस अवसर पर मोदीनगर की जानी-मानी रेडियोलॉजिस्ट डॉ. प्राची अवस्थी सिंघल को भी आमंत्रित किया गया। उन्होंने ( गर्भावस्था की पहली तिमाही में भ्रूण के हृदय में विषमता ) विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया, जिसमें गर्भ में पल रहे तीन माह के भ्रूण के हृदय की बारीक जांच, चारों चेम्बर्स, वाल्व्स, दीवारों, रक्त प्रवाह और अन्य संरचनात्मक पहलुओं की अल्ट्रासाउंड तकनीकों से जांच की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। डॉ. प्राची के इस अध्ययन और प्रस्तुति को उपस्थित सभी डॉक्टरों ने अत्यंत सराहा। उनके व्याख्यान से कई विशेषज्ञों ने नई जानकारी प्राप्त की और इस जटिल विषय को समझने में उन्हें नया दृष्टिकोण भी मिला है।

मोदीनगर के चिकित्सक समुदाय ने भी डॉ. प्राची की इस उपलब्धि को गर्व का विषय बताया। डॉ. प्राची अवस्थी सिंघल की इस उपलब्धि से न केवल मोदीनगर गौरवान्वित हुआ, बल्कि भारत की रेडियोलॉजी विशेषज्ञता को भी अंतरराष्ट्रीय मंच पर नई पहचान मिली है ।

# अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर जाट सभा बागपत ने दी श्रद्धांजलि



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

बागपत। जिला जाट सभा बागपत के तत्वाधान में पूर्व केंद्रीय मंत्री और किसानों की आवाज रहे चौधरी अजीत सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के आरम्भ में चौधरी अजीत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया गया और जाट सभा के पदाधिकारियों व सदस्यों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई।

तदुपरांत चौधरी अजीत सिंह के योगदान पर आधारित एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। विचार गोष्ठी में बोलते हुए महासचिव एडवोकेट गजेंद्र सिंह कुंडू ने कहा कि चौधरी अजीत सिंह एक बेबाकी से बात कहने वाले नेता थे। साथ ही साथ कहा कि जब कभी भी किसान की आन-बान और शान पर बात आई या सरकारों द्वारा किसानों अनदेखी की गई तो चौधरी अजीत सिंह ने तुरंत किसानों के पक्ष में हुंकार भरी, चाहे किसी भी दल की सरकार रही हो, उसको चौधरी अजीत सिंह की हुंकार हिलाकर रख दिया करती थी। कहा कि चौधरी अजीत सिंह उन नेताओं में से रहे जो सादगी और सहजता से आम लोगों से मिल लिया करते थे। उनकी स्मृतियां लंबे समय तक किसान वर्ग के दिलों में बनी रहेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामनिवास, शीशपाल तोमर,अनुज तोमर, सोहनवीर, मालू ठेकेदार,कवंरपाल ढाका, जयकुमार धामा,धर्मेंद्र सिंह, सूर्यदेव धनकड़,संजय नैन आदि उपस्थित रहे।

# मुरादनगर में आंगनवाड़ी पद पर चयनित दस महिलाओं को दिए गए नियुक्ति पत्र



**नेशनल प्रेस टाइम्स ,ब्यूरो**

मुरादनगर। विकास खंड कार्यालय परिसर स्थित सभागार में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बाल विकास परियोजना के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की नियुक्ति प्रक्रिया संपन्न कराई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजीतपाल त्यागी तथा ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी रहे। इस अवसर पर नवनियुक्त दस महिलाओं को आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों के पद पर नियुक्ति पत्र सौंपे गए।

विधायक अजीतपाल त्यागी ने नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए सभी महिलाओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों की भूमिका गांव और समुदाय के विकास में अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि मातृ और शिशु स्वास्थ्य, पोषण, और प्रारंभिक बाल शिक्षा जैसी सेवाओं में इनका योगदान सराहनीय रहता है।

कार्यक्रम के दौरान दो गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक गोद भराई की रस्म पूरी कराई गई, जिससे उपस्थित महिलाओं में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व ग्रामीण महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

# भाजपा सरकार की योजनाओं से मुस्लिमों को फायदा-मान सिंह गोस्वामी

बागपत-शहर के गायत्रीपुरम में भाजपा के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला संयोजक डॉ शरफत अली के आवास पर अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा वक्फ सुधार जन जागरण अभियान के अंतर्गत एक प्रबुद्ध सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी ने मुस्लिम समाज के लोगों को वक्फ कानून संसोधन से होने वाले फायदों को गिनाया। उन्होंने कहा पीएम नरेन्द्र मोदी ने वक्फ संसोधन बिल पेश कर देश के गरीब मुसलमानों को उनका अधिकार दिलाने का काम किया है। लंबे समय से समाजवादी पार्टी व कांग्रेस मुसलमानों के वोट लेती आई है, लेकिन उन्होंने मुसलमानों की तरक्की के लिए कोई कार्य नही किया। केन्द्र सरकार व प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं में मुसलमानों को बराबर का अधिकार मिल रहा है। प्रधानमंत्री आवास योजना में लाखों मुसलमानों को पक्के मकान मिले। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में लाखों को गैंस सिलेंडर मिले। सभी योजनाओं से मुसलमानों को फायदा पहुंचा है।

अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहम्मद रिजवान मीर ने कहा कि वक्फ सुधार अल्पसंख्यकों के बीच विकास की रीढ़ बनेगा। भाजपा सरकार ने वक्फ सुधार संशोधन अधिनियम पास करके अल्पसंख्यकों के जीवन को सुधारने का एक प्रयास किया है। कहा इसके पहले की सरकारें वोट बैंक कि राजनीति के चलते सुधार के ऐसे एतिहासिक कदम नहीं उठाते थे, लेकिन भाजपा सरकार ने इसे समझा और सुधार का कानून बनाकर एतिहासिक कदम उठाया। इसके लिए पीएम नरेंद्र मोदी को हम सब धन्यवाद देते हैं।

# भारतीय संसद में लगाया जाये धनसिंह कोतवाल का चित्र : तस्वीर सिंह




**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बागपत। क्रांतिनायक धनसिंह कोतवाल शोध संस्थान के चेयरमैन एवं कार्यक्रम के संयोजक तस्वीर सिंह चपराना ने बताया कि 9 मई 2025 को बृहस्पति भवन सभागार चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ में 1857 के क्रांतिनायक शहीद धनसिंह कोतवाल की संघर्षगाथा एवं शहादत को नमन करने के लिए एक राष्ट्रीय बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इस राष्ट्रीय संगोष्ठी का उद्देश्य-धनसिंह कोतवाल की संघर्षगाथा एवं शहादत को नमन करते हुए सरकार से सात मांग की जाएगी।

जिसमें धनसिंह कोतवाल को पाठ्यक्रमों में शामिल करने के साथ उनका चित्र भारतीय संसद व प्रदेश के सभी थानों में लगाने से लेकर लखनऊ पुलिस मुख्यालय सिग्नेचर भवन में आदमकद प्रतिमा की मांग के साथ मेरठ मेट्रो के किसी एक स्टेशन का नाम क्रांतिनायक के नाम पर रखा जाए। दिल्ली - मेरठ एक्सप्रेस वे पर पड़ने वाले परतापुर इंटरचेंज चौराहे का नाम कोतवाल धनसिंह चौक रखें जाने एवं 1857 की क्रांति में पुलिस की महत्वपूर्ण भूमिका के योगदान के उपलक्ष्य में 4 जुलाई शहादत दिवस तथा 27 नवंबर जन्म दिवस को प्रतिवर्ष सरकारी कैलेंडर में शामिल किया जाने जैसी मांग की जायेगी

# गाजियाबाद के सुठारी गांव को मिला एक और IPS

## किसान के बेटे ने बढ़ाया गांव का मान, जोरदार स्वागत

**एनपीटी ब्यूरो**

मुरादनगर। गाजियाबाद जिले के सुठारी गांव के लिए यह गौरव का क्षण है, जब गांव के एक और बेटे ने देश की प्रतिष्ठित सिविल सेवा परीक्षा पास कर आईपीएस बनने का सपना साकार किया है। किसान परिवार से ताल्लुक रखने वाले आईपीएस बने कुणाल यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए चयनित होकर न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे गांव का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है।




चयन के बाद कुणाल यादव का गांव आगमन हुआ खबर जैसे ही गांव में फैली, चारों ओर जश्न का माहौल बन गया। हजारों ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ों और फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत किया। और युवाओं ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। गांव में मानो दिवाली जैसा उत्सव देखने को मिला।

जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने बताया कि कुणाल एक साधारण किसान परिवार से हैं। उनके पिता नरेंद्र यादव वर्तमान में मुजफ्फरनगर के खतौली कोतवाली में इंस्पेक्टर हैं। उन्होंने बेटे की पढ़ाई में कभी कोई कमी नहीं आने दी। पढ़ाई के साथ-साथ उन्होंने कठिन तैयारी की, जिसमें उनका आत्मविश्वास, अनुशासन और निरंतर मेहनत रंग लाई। कुणाल यादव ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों को दिया। उन्होंने कहा कि उनका सपना था कि वे समाज के लिए कुछ करें और गांव के बच्चों के लिए प्रेरणा बनें। कुणाल की इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि अगर हौसला मजबूत हो तो कोई भी सपना साकार किया जा सकता है।

# युद्ध के दौरान हमलों से बचाव के लिए पूरे प्रदेश में होगी मॉक ड्रिल, बुलंदशहर सबसे संवेदनशील

लखनऊ-यूपी में बुधवार को मॉक ड्रिल का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में आदेश जारी करते हुए यूपी डीजीपी ने कहा कि यह अभ्यास पुलिस की सभी शाखाओं के साथ किया जाएगा। युद्ध के दौरान हमलों से बचने के लिए पूरे प्रदेश में बुधवार को मॉक ड्रिल होगी, जिसमें सायरन बजने के बाद लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के तरीकों के बारे में बताया जाएगा। केंद्र सरकार की ओर से इस बाबत दिए गए निदेर्शों के बाद डीजीपी प्रशांत कुमार ने पूरे प्रदेश में मॉक ड्रिल करने का आदेश दिया है। नागरिक सुरक्षा संगठन के नेतृत्व में होने वाली इस कवायद में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन सेवा, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ आदि सहयोग करेंगे।

डीजी नागरिक सुरक्षा अभय कुमार प्रसाद ने बताया कि बुधवार को शाम 4 बजे और 7 बजे मॉक ड्रिल का आयोजन करने की तैयारी है। बता दें कि केंद्र सरकार ने प्रदेश के 19 जिलों में मॉक ड्रिल कराने का निर्देश दिया है, जिसमें बुलंदशहर सबसे संवेदनशील है। इसकी वजह बुलंदशहर के नरौरा का परमाणु विद्युत संयंत्र है।

# स्वदेशी जागरण मंच की मुरादाबाद बैठक में रकम सिंह सोलंकी बने बागपत के नए जिला संयोजक

**एनपीटी ब्यूरो**

बागपत/मुरादाबाद-स्थित ओम भवन में स्वदेशी जागरण मंच की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में राष्ट्रीय संघटक कश्मीरी लाल की विशेष उपस्थिति रही। स्वदेशी विचारधारा और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण को लेकर आयोजित इस बैठक में विभिन्न जिलों से आए कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक के दौरान संगठन की गतिविधियों की समीक्षा की गई, और आगामी योजनाओं पर विचार-विमर्श हुआ। इसी क्रम में रकम सिंह सोलंकी को स्वदेशी जागरण मंच, जिला बागपत का नया जिला संयोजक नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति की घोषणा कश्मीरी लाल ने स्वयं की, और मंच पर उपस्थित



सभी कार्यकताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका स्वागत किया।

रकम सिंह सोलंकी लंबे समय से स्वदेशी विचारधारा के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं। वे ग्रामीण स्तर तक जागरूकता फैलाने और स्वदेशी उत्पादों को प्रोत्साहन देने में अग्रणी भूमिका निभा चुके हैं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा और कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई।

इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी, क्षेत्रीय संयोजक, और अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में स्वदेशी आंदोलन को गाँव-गाँव तक पहुँचाने, लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और युवाओं में आत्मनिर्भरता की भावना जागृत करने पर जोर दिया गया।

रकम सिंह सोलंकी को स्वदेशी जागरण मंच, जिला बागपत का जिला संयोजक बनाए जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं और बधाई दी गई। सभी ने आशा व्यक्त की कि वे संगठन को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में सफल रहेंगे।

# प्रदेश में चलेंगी प्राइवेट बसें भी, सभी जिलों में बनेंगे बस अड्डे; यात्रियों को देनी होंगी ये सुविधाएं

लखनऊ। यूपी में परिवहन निगम के अलावा प्राइवेट बसें भी नियमों के साथ ऑपरेट होंगी। प्रदेश के हर जिले में बस अड्डे बनाए जाएंगे।

प्रदेश में निजी बसों के लिए अब सभी जिलों में बस अड्डे बनेंगे। इनका निर्माण सरकारी क्षेत्र में भी हो सकेगा। नगर पालिका, नगर परिषद व निजी कंपनियां भी इसे बना सकेंगी। लेकिन, बस अड्डों पर यात्रियों के लिए सभी अत्याधुनिक सुविधाएं देनी होंगी। इसके लिए मंगलवार को कैबिनेट बैठक में यूपी स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट बस पार्क (स्थापना एवं विनियमन) नीति-2025 को मंजूरी दी गई है।

इन बस अड्डों के बनने से विभिन्न कस्बों में होने वाली जाम की समस्या से मुक्ति मिलेगी और यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि नीति के अंतर्गत प्रदेश भर में बस अड्डों व पार्कों की स्थापना के लिए किसी एक आवेदक को प्रदेश में 10 से अधिक, एक जिले में 2 से अधिक और एक ही मार्ग पर एक से अधिक बस अड्डा व टूरिस्ट बस पार्क स्थापित करने की अनुमति नहीं मिलेगी। निजी निवेश से स्थापना पर संचालन के लिए पहली बार 10 वर्षों के लिए अनुमति दी जाएगी, जिसका आगे 10 वर्षों के लिए नवीनीकरण हो सकता है। स्वामित्व का हस्तांतरण एक वर्ष से पहले नहीं होगा। खन्ना ने बताया कि बस अड्डों और पार्कों की स्थापना के लिए डीएम के यहां आवेदन करना होगा। डीएम की अध्यक्षता में कमेटी बनेगी।

स्टेज कैरिज बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व ऑल इंडिया टूरिस्ट पार्क नियामक प्राधिकारी का गठन किया जाएगा। नीति के तहत बस अड्डा, कॉन्ट्रैक्ट कैरिज व बस पार्क की स्थापना के लिए कम से कम दो एकड़ भूमि होनी चाहिए।

# सेंट्रल मार्केट प्रकरण : अनिश्चितकालीन बाजार बंद पर विचार विमर्श

**एनपीटी ब्यूरो**

मेरठ। आवास विकास मेरठ क्षेत्र के अंतर्गत सेंट्रल मार्केट की दुकानों को ध्वस्त किए जाने के सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों से व्यापारियों को बर्बाद/बेरोजगार होने से बचाने के लिए व्यापारी नेता सतीश चंद्र जैन, गौरव शर्मा व विपुल सिंघल ने मेरठ की अनिश्चितकालीन बंदी को लेकर मेरठ के प्रतिष्ठित बाजार आबू लेन व्यापार संघ के अध्यक्ष आकाश खन्ना व उनके पदाधिकारियों के साथ अबू लेन स्थित उनके कार्यालय पर वार्ता की।

विपुल सिंघल ने कहा कि आज मेरठ के व्यापारियों के समक्ष माननीय सर्वोच्च न्यायालय के उन आदेशों की



चुनौती है, जो हमारे व्यवसाय, हमारी दुकानें और हमारे परिवारों के भविष्य को प्रभावित करते हैं। ये आदेश हमारे लिए केवल कागजी दस्तावेज नहीं हैं, बल्कि हमारे अस्तित्व से जुड़े प्रश्न हैं।

गौरव शर्मा ने कहा कि छोटे व्यापारी भारत की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। व्यापारी सुबह से लेकर देर रात तक मेहनत करते हैं, ग्राहकों की सेवा करते हैं, और देश के विकास में योगदान देते हैं। लेकिन आज, हमारी मेहनत पर खतरा मंडरा रहा है। न्यायालय के आदेशों के कारण हमारे कारोबार को बंद करने, दुकानों को ध्वस्त करने के आदेश दिए गए हैं जो अंग्रेजी शासन गुलाम भारत की याद दिलाते हैं। हमारी आजीविका संकट में पड़ गई है।

सतीश चन्द जैन ने कहा कि हम सब चुपचाप यह सब सहन नहीं करेंगे अपने हक के लिए आवाज उठाएँगे।

अबू लेन व्यापार संघ के अध्यक्ष ने कहा कि हमें एकजुट होकर अपनी बात सरकार तक पहुँचानी होगी। हमें शांतिपूर्वक, लेकिन दृढ़ता से अपनी माँगों को रखना होगा, हमारी सेंट्रल मार्केट की दुकानों को यथास्थिति में नियमित किए जाने की मांग न्यायसंगत हैं। छोटे व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए नीतियों में बदलाव किया जाए। व्यापारियों की आजीविका को सुरक्षित करने के लिए सरकार हमारे साथ संवाद करे। आवश्यकता पड़ने पर आबू लेन व्यापार संघ समस्त व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगा।

# संपादकीय

## आतंक पर हमला, तो युद्ध

प्रधानमंत्री मोदी और वायुसेना प्रमुख चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह की मुलाकात हुई। इससे एक दिन पहले नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी प्रधानमंत्री से मिले थे। सेना प्रमुखों की प्रधानमंत्री के साथ ये मुलाकातें सामान्य नहीं हैं। प्रधानमंत्री इन मुलाकातों से पहले 29 अप्रैल को रक्षा मंत्री, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ और तीनों सेनाओं के प्रमुखों की एक बैठक कर चुके थे। उसी में सेनाओं को प्रहार का तरीका, लक्ष्य, जगह और समय तय करने की ह्यखुली छूटह्व दी गई थी। फिर अलग से ये मुलाकातें क्यों की गईं? बेशक सेनाओं को खुली छूट है, लेकिन वे अलग-अलग प्रधानमंत्री को तो ब्रीफ करेंगी कि यदि युद्ध की नौबत आई, तो उनकी क्या तैयारियां हैं? वायुसेना प्रमुख ने हवाई आक्रमण का खुलासा किया होगा! हाल ही में उप्र के शाहजहांपुर में ह्यगगा एक्सप्रेस वेह्व पर बनाई गई विशेष हवाई पट्टी पर राफेल, सुखोई, मिग-29, एएन-32, जगुआर, मिराज सरीखे लड़ाकू विमानों ने टच एंड गो का प्रदर्शन किया और रात्रि में लैंडिंग कर अपने युद्धाभ्यास को सार्थक किया। अर्थात हमारे लड़ाकू विमान किसी भी आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। नौसेना अध्यक्ष ने अरब सागर की हलचलों से प्रधानमंत्री मोदी को ब्रीफ किया होगा! नौसेना ने विशालकाय आईएनएस- विक्रांत को समंदर में तैनात कर दिया है। वह लड़ाकू विमानों और परमाणु अस्त्रों से युक्त है। भारत ने परमाणु मिसाइल वाली पनडुब्बी को भी समंदर में ह्यसक्रियह्व कर दिया है। नौसेना सुरक्षा और निगरानी को अधिक बढ़ाने के मद्देनजर भारत ने अमरीका की ह्यहॉक आईह्व खरीदने का 13.1 करोड़ रुपए का करार किया है। रूस से ह्यइग्ला-एसह्व मिसाइलें खरीदने का करीब 260 करोड़ रुपए का करार किया गया है। ऐसी कई तैयारियां होंगी, जो हमारी सेनाएं कर रही हैं, लेकिन न तो हमें पर्याप्त जानकारी है और न ही राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर हम उन्हें सार्वजनिक करेंगे। प्रधानमंत्री के साथ सेना-प्रमुखों की ऐसी मुलाकातों और बैठकों में विशिष्ट लक्ष्यों, उद्देश्यों, आपातकालीन जरूरतों, सेना-विशेष की चुनौतियों और उचित समय आदि पर खुल कर बातचीत होती है। सेना-प्रमुख प्रधानमंत्री को अपनी सेना की तैयारियों और संभावित विकल्प पर तुरंत प्रहार करने की क्षमताओं को भी ब्रीफ करते हैं। इनके ये मायने नहीं हैं कि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड? ही वाला है। भारत के प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री ने युद्ध संबंधी न तो कोई बयान दिया है और परमाणु हथियारों की धमकी तो बहुत दूर की बात है। पाकिस्तान के मंत्री और राजदूत परमाणु हथियार इस्तेमाल करने के लगातार बयान देते रहे हैं। भारत में सेना-प्रमुख कोई भी बयान नहीं देते। यह विशेषाधिकार प्रधानमंत्री या रक्षा मंत्री का है। प्रधानमंत्री मोदी ने बार-बार देश को आश्वस्त किया है कि आतंकियों और उन्हें समर्थन देने वालों पर ठोस और निर्णायक कार्रवाई जरूर की जाएगी। यानी भारत के राजनीतिक नेतृत्व और सेनाओं के निशाने पर पाकिस्तान में बसे और सक्रिय आतंकी, उनके गुट और उनके पनाहगार हैं। देश के अनुभवी रक्षा विशेषज्ञों, जिन्होंने लेफ्टिनेंट जनरल और मेजर जनरल के पद पर रहते हुए पाकिस्तान के खिलाफ लड़ाइयां और टकराव लड़े और झेले हैं, का मानना है कि इस बार आतंकियों के साथ-साथ पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई तथा फौज को निशाना बनाया जा सकता है। वे भी नहीं जानते कि यदि भारत ने प्रहार किया, तो वह किस दर्जे का होगा, लेकिन रक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि यदि पाकिस्तान की फौज और आईएसआई पर किसी किस्म का हमला किया जाता है, तो पाकिस्तान उसका पलटवार करेगा और वही युद्ध में तबदील हो सकता है। यह बाद की बात है कि पाकिस्तान युद्ध में कितने दिन तक टिक पाएगा, उसके पास गोला-बारूद तक पर्याप्त नहीं है, लेकिन इस तरह युद्ध छिड़ सकता है। चीन पाकिस्तान को मदद दे सकता है। तुर्किये ने भी कुछ हथियार और रक्षा सामग्री पाकिस्तान को भेजी है, ऐसी खबरें आई हैं। पाकिस्तान एक विपन्न और विक्षुब्ध देश है, लिहाजा मनोवैज्ञानिक मान रहे हैं कि वह बिन सोचे-समझे परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल कर सकता है। बेशक दोनों देशों ने परमाणु अस्त्रों का इस्तेमाल किया, तो विनाश व्यापक और भयावह हो सकता है। वह स्थिति टालनी चाहिए।

# जेनेरिक दवाएं लिखने के कानूनी आदेश का उजाला

**सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही।**



सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों को मरीजों के लिए जेनेरिक दवाइयां लिखने एवं किसी विशेष कंपनी की दवाइयां न लिखने की नसीहत देकर न केवल गरीब मरीजों को राहत पहुंचाई है बल्कि चिकित्सा क्षेत्र में व्याप्त मनमानी, मूल्यहीनता, रिश्वत एवं अनैतिकता पर अंकुश लगाने की दिशा में सराहनीय एवं प्रासंगिक पहल की है। सुप्रीम कोर्ट से पहले राजस्थान उच्च न्यायालय ने भी ऐसा ही फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के तीन जजों की पीठ संदीप मेहता, विक्रम नाथ और संजय करोल ने दवा कंपनियों से जुड़ी याचिका की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की है। इस याचिका में दवा कंपनियों पर मनमानी एवं रिश्वतखोरी का आरोप लगाया गया था। ऐसे में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि अगर पूरे देश में इस फैसले का पालन हो, तो इससे अहम सुधार हो सकता है। मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा-डॉक्टरों पर अक्सर दवा कंपनियों से रिश्वत लेने का आरोप लगता है। ऐसे में अगर डॉक्टर जेनेरिक दवाएं लिखेंगे, तो उनपर लगने वाले इल्जाम का मुद्दा भी हल हो जाएगा। ऐसा करने से एक बड़ी आबादी को सस्ती एवं अचूक दवाओं का लाभ मिल सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जेनेरिक दवाइयों को जनव्यापी बनाने की दिशा में सार्थक पहल की है। पूरी दुनिया में जेनेरिक दवाइयों को ज्यादा स्वीकार्य बनाने के लिए व्यापक स्तर पर काम हो रहा है, लेकिन दवा माफिया इसमें बाधाएं खड़ी कर रहा है। सर्वोच्च न्यायालय की सक्रियता से दवा कंपनियों व चिकित्सकों के अपवित्र गठबंधन को तोड़ा जा सकता है, जो बड़ी आबादी की एक बड़ी समस्या का सटीक समाधान होगा।

निश्चित ही डॉक्टर अगर सिर्फ जेनेरिक दवाएं लिखें तो दवा कंपनियों की रिश्वतखोरी बंद हो सकती है। शीर्ष अदालत उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी जिसमें फार्मास्युटिकल मार्केटिंग की समान संहिता पर कानून बनने तक दवा कंपनियों की अनैतिक विपणन प्रथाओं को नियंत्रित करने के दिशा-निर्देश की मांग की गई थी। भारत में किफायती जेनेरिक दवाओं का उत्पादन एवं प्रचलन एक जीवन रेखा है, लेकिन इसके गुणवत्ता के आश्वासन को मजबूत करने के साथ डाक्टरों की मनमानी पर नियंत्रण करना होगा, जिसमें सर्वोच्च न्यायालय की पहल एक रोशनी बनेगा। आज जबकि देश में लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं, जैसे-जैसे चिकित्सा-विज्ञान का विकास हो रहा है, नयी-नयी बीमारियां एवं उनका महंगा इलाज एवं महंगी दवाइयां बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। इसलिये जेनेरिक दवाओं पर भरोसा और दुनिया में इसकी मांग, दोनों में इजाफा हुआ है। मोदी सरकार ने जेनेरिक दवाओं को ज्यादा स्वीकार्य बनाने एवं सर्वसुलभ कराकर एक अभिनव स्वास्थ्य क्रांति का सूत्रपात किया है।

जेनेरिक दवाएं, जो ब्रांडेड दवाओं का सस्ता विकल्प होती हैं, वही सक्रिय तत्व (एक्टिव इंग्रेडिएंट) रखती हैं और उतनी ही प्रभावी होती हैं। फिर भी, इनका उपयोग भारत में अपेक्षाकृत कम है, क्योंकि डॉक्टरों पर कोई बाध्यकारी कानून नहीं है। हालांकि, भारतीय मेडिकल काउंसिल ने डॉक्टरों को जेनेरिक दवाएं लिखने के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, लेकिन ये बाध्यकारी नहीं, एक स्वैच्छिक संहिता है, जिसका पालन डाक्टर अपनी मर्जी से करते हैं। कोर्ट ने दवा कंपनियों की अनैतिक मार्केटिंग पर तत्काल रोक लगाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करने की आवश्यकता पर बल दिया। कोर्ट की यह टिप्पणी स्वास्थ्य क्षेत्र की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। यहीं नहीं, आम जनता को सस्ती और सुलभ दवाओं का भी मार्ग प्रशस्त हो सकता है। भारत में दवा उद्योग एक विशाल और जटिल क्षेत्र है, जहां दवा कंपनियां अक्सर अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अनैतिक तरीकों का सहारा लेती हैं। ये कंपनियां डॉक्टरों को मुफ्त उपहार, विदेश यात्राएं, महंगे रात्रिभोज और अन्य प्रलोभन देकर अपनी ब्रांडेड दवाओं को प्रचारित करने के लिए प्रेरित करती हैं। नतीजतन, डॉक्टर कई बार मरीजों को ऐसी दवाएं लिखते हैं, जो न केवल महंगी होती हैं, बल्कि कई बार अनावश्यक भी होती हैं। इसका सीधा असर मरीजों की जेब और स्वास्थ्य पर पड़ता है।

सस्ती जेनेरिक दवाओं के प्रचलन को बाधिक करने की रणनीति एक वैश्विक समस्या है। भारत में जेनेरिक दवाओं की शुरूआत मोदी सरकार ने की। वैसे 2004 और 2013 के बीच अमेरिकी स्वास्थ्य प्रणाली को इससे लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर की बचत हुई है। जेनेरिक कैंसर जैसी अनेक असाध्य बीमारियों की दवाओं की समय पर उपलब्धता ने ऐसे कई रोगियों की सामर्थ्य को बढ़ा दिया है। जबकि इसके विपरीत अनेक परिजनों के गंभीर व असाध्य रोगों की महंगी दवाओं एवं इलाज की वजह से लाखों लोग गरीबी की दलदल में डूब गए। कोरोना संकट के दौरान भी लोगों द्वारा घर, जमीन व जेवर बेचकर अपनों की जान बचाने की कोशिश की खबरें मीडिया में तैरती रही। लेकिन सामान्य दिनों में दवा कंपनियों की मिलीभगत व दबाव में लिखी जाने वाली महंगी दवाइयां भी गरीबों के लिये बड़ी समस्या बनती रही हैं। इसके बावजूद कि बाजार में उसी साल्ट वाली गुणवत्ता की जेनेरिक दवा सहज उपलब्ध है। कुछ समय पहले केंद्र सरकार की ओर से जेनेरिक दवाइयां लिखने की अनिवार्यता के निर्देश का अच्छा-खासा विरोध हुआ, जिसके चलते निर्णय वापस लेना पड़ा था। अब इसी चिंता को देश की शीर्ष अदालत ने अभिव्यक्त किया है, जो गरीबों को सस्ती दवाओं से इलाज का रास्ता सुगम बना देगी। जिससे गरीबों के जीवन में एक स्वास्थ्य उजाला होगा।

विडम्बना एवं दुर्भाग्यपूर्ण ही है कि दवा-कम्पनियां तरह-तरह के प्रलोभन व परोक्ष-अपरोक्ष लाभ देकर चिकित्सकों पर महंगी दवा लिखने का दबाव बनाती हैं, मानो सारे नैतिक मूल्यों को ताक पर रखकर धनार्जन ही एकमात्र कर्म रह गया है। जिसकी कीमत उन लोगों को चुकानी पड़ती है, जो महंगी दवा खरीदने में सक्षम नहीं होते। ऐसे में वे कर्ज लेकर या अपने रिश्तेदारों से मदद लेकर किसी तरह गंभीर रोगों से ग्रस्त मरीजों का इलाज कराते हैं। इस खर्च के दबाव के चलते परिजनों को भी तमाम कष्ट उठाने पड़ते हैं। गाहे-बगाहे सरकारों ने दवा कंपनियों की बेलगाम मुनाफाखोरी रोकने को कदम उठाने की घोषणाएं तो कीं, लेकिन दवा माफिया के दबाव में समस्या का सार्थक समाधान नहीं निकल पाया। डॉक्टरों की तरफ से भी यदि इस दिशा में सहयोग मिलने लगे तो इस समस्या का समाधान किसी सीमा तक संभव हो सकता है। लेकिन विडंबना है कि ऐसा हो नहीं पा रहा है। एक संकट यह भी है कि दवा कंपनियों द्वारा प्रचार किया जाता है कि जेनेरिक दवाइयां रोग के उपचार में पर्याप्त रूप से सक्षम नहीं होती, यह बात आम जनता में गहरे से बिठायी हुई है।

दवा कंपनियों की अनैतिक प्रथाएं केवल आर्थिक शोषण तक सीमित नहीं हैं, ये मरीजों के स्वास्थ्य और जान को भी खतरे में डालती हैं। महंगी दवाओं के प्रचार के कारण कई बार गरीब मरीज इलाज से वंचित रह जाते हैं। यदि जेनेरिक दवाओं को अनिवार्य किया जाए, तो न केवल दवाओं की कीमतें कम होंगी, बल्कि स्वास्थ्य सेवाएं भी अधिक समावेशी और सुलभ बनेंगी। निस्संदेह, सरकारों को इस दिशा में गंभीरता से सोचना होगा कि जेनेरिक दवाइयों को प्रोत्साहन देने के उसके प्रयास क्यों सिरे नहीं चढ़ते। एक वजह यह भी है कि दवा कंपनियों की लॉबी खासी ताकतवर होती है और साम-दाम-दंड-भेद की नीति का उपयोग करके अपने उत्पादों का विपणन करने में सफल हो जाती है। निस्संदेह, लंबे उपचार व असाध्य रोगों के इलाज में दवाओं की कीमत एक प्रमुख घटक होता है। यदि दवा नियंत्रित दामों में मिल सके तो उनकी बड़ी चिंता खत्म हो सकती है। निस्संदेह, दवाओं की कीमत हमारी चिकित्सा सेवाओं के लिये एक बड़ी चुनौती बनी हुई है।

सरकार को चाहिए कि गांव से लेकर शहरों तक जेनेरिक दवाओं के मेडिकल स्टोर बड़ी संख्या में खोले जाएं। गरीब-अनपढ़ मरीजों को जागरूक करके जेनेरिक दवाइयों के उपयोग को प्रोत्साहित करना होगा। मरीजों के परिजनों को विश्वास दिलाया जाना चाहिए कि जेनेरिक दवाइयां भी उसी साल्ट से बनी होती हैं, जिससे महंगी ब्रांडेड दवाइयां बनी होती हैं। निश्चित रूप से डॉक्टरों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने ऋषिकर्म का दायित्व निभाते हुए गरीब मरीजों को अधिक से अधिक जेनेरिक दवाइयां लिखना शुरू करें। यह उनके लिये भी परोपकार एवं पुण्य के काम जैसा होगा।

# विकास की दौड़ में दम तोड़ती धरती – और उसे फिर से सांस देने की कोशिशः 709B हाईवे, देहरादून एक्सप्रेसवे और हरित प्राण ट्रस्ट की मुहिम

**सुरेंद्र मलानिया**

जब विकास रफ्तार पकड़ता है, तो अक्सर प्रकृति उसकी चपेट में आ जाती है। उत्तर भारत में हाल ही में निर्मित दो बड़े बुनियादी ढांचे – 709इ हाईवे (बागपत क्षेत्र) और देहरादून एक्सप्रेसवे – इसी असंतुलन का जीवंत उदाहरण हैं।

जहाँ इन हाईवे ने यातायात और कनेक्टिविटी को बेहतर किया, वहीं हजारों पेड़ों की बलि, गिरते भूजल स्तर और प्रदूषित वातावरण ने चेतावनी दी है कि अगर अब नहीं संभले, तो भविष्य सिर्फ कंक्रीट और धूल में दबा रहेगा।

हरित प्राण ट्रस्टः जहाँ पेड़ लगाना एक सेवा है, और पेड़ों की देखभाल धर्म

इसी चिंतन को जीवन का मिशन बनाया है डॉ. दिनेश बंसल ने, जिन्होंने हरित प्राण ट्रस्ट की स्थापना की।

ट्रस्ट का उद्देश्य केवल वृक्षारोपण नहीं, बल्कि हर पेड़ को जीवित प्राणी मानकर उसका पालन-पोषण करना है।

ट्रस्ट अब तक लगभग 1,20,000 पेड़ लगा चुका है – स्कूलों, खेतों, नहरों, सड़कों, अस्पतालों और श्मशान घाटों तक।

लेकिन ट्रस्ट की सबसे अनूठी पहल है – हरित एम्बुलेंस –

एक चलती-फिरती सेवा जो बीमार, टूटे या एक्सीडेंटल पेड़ों का इलाज करती है। मिट्टी बदलना हो, दवा देनी हो, सहारा लगाना हो या सिंचाई करनी हो – हरित एम्बुलेंस तुरंत मौके पर पहुँचती है।

ट्रस्ट का भावपूर्ण नारा –

सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएँ हम

अब सिर्फ एक वाक्य नहीं, बल्कि एक जनआंदोलन बनता जा रहा है।

709इ और देहरादून एक्सप्रेसवेः सड़कों के दोनों ओर हरियाली की जरूरत

आज 709इ हाईवे बागपत से होकर गुजरता है, तो देहरादून एक्सप्रेसवे उत्तराखंड के पहाड़ी क्षेत्र को जोड़ता है।

दोनों ही मार्गों की हरित पट्टियाँ या तो अधूरी हैं, या मात्र कागजों में हैं।

इन मार्गों के किनारे सघन वन विकसित करने की प्रबल इच्छा रखता है हरित प्राण ट्रस्ट।

डॉ. दिनेश बंसल का स्पष्ट प्रस्ताव है –

अगर भारत सरकार इन्हें मौका दे, तो हरित प्राण ट्रस्ट इन दोनों हाईवे की हरित पट्टी को न केवल वृक्षों से भर देगा, बल्कि उन्हें जीवित, स्वच्छ और स्वावलंबी वन क्षेत्र में बदल देगा।

यह महज वृक्षारोपण का कार्य नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्राकृतिक ऑक्सीजन बैंक बनाने जैसा है।

अब सवाल हमारा हैः क्या हम इस अवसर को पहचानेंगे?

सरकारें जब एक्सप्रेसवे का टेंडर देती हैं, तो बिल्डिंग मटेरियल, डामर और बजरी के मापदंड तय करती हैं – लेकिन क्या पेड़ों की गुणवत्ता, उनकी देखभाल और पर्यावरणीय संरक्षण की ज़िम्मेदारी उतनी ही प्राथमिकता से दी जाती है?

अगर हरित प्राण ट्रस्ट जैसे समर्पित संगठन को ये ज़िम्मेदारी दी जाए, तो यह काम केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक संवेदनशील और सतत विकास की मिसाल बन सकता है।

निष्कर्षः विकास की परिभाषा तब पूरी होगी, जब उसमें हरियाली की सांस शामिल होगी

709इ हाईवे और देहरादून एक्सप्रेसवे अगर धूल और धुएं के बजाय छांव और चहचहाहट के प्रतीक बनें –

अगर इन पर लगे पेड़ सिर्फ सरकारी रिपोर्टों तक सीमित न रहकर, धरती पर जीवित और फलते-फूलते दिखें –

तो ही यह कहा जा सकता है कि हमने अगली पीढ़ी को केवल सड़कें नहीं, साथ में साँस लेने लायक जीवन भी दिया।

सांसें हो रही कम, आओ पेड़ लगाएँ हम।

पेड़ लगाएंगे, बचाएंगे – और आने वाली पीढ़ियों को हरियाली लौटाएँगे।

# जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों/समस्त पटलों व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का किया निरीक्षण

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज कलेक्ट्रेट के विभिन्न अनुभागों/समस्त पटलों व कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित विभिन्न कार्यालयों का निरीक्षण किया।



निरीक्षण के दौरान संग्रह अनुभाग, रिकार्ड रुम, निर्वाचन कार्यालय, चकबन्दी कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण आदि कार्यालयों को देखा। सभी अनुभागों व पटलों पर सर्वप्रथम कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका को देखा गया। निरीक्षण के दौरान समस्त कर्मचारी उपस्थित पाये गये। विभिन्न पटलों के निरीक्षण के दौरान समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि कार्यालय में साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखी जाये तथा फाइलों का रख रखाव उचित प्रकार से किया जाये। इसके पश्चात रिकार्ड रूम का निरीक्षण किया गया, जहां पर पाया कि फाइलों में संकेतक नहीं लगा हुआ था जिस पर सम्बन्धित को निर्देश दिये कि फाइलों में संकेतक उचित प्रकार से लगाया जाए जिससे कि फाइलें ढूंढने में समस्या न हो। असलाह का कार्य देख रहे सम्बन्धित को निर्देश दिये कि असलहा की जो भी फाइले अप्रूव की जाए उसकी जांच उचित प्रकार से की जाए इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए।

इसके पश्चात जिलाधिकारी द्वारा चकबन्दी कार्यालय का निरीक्षण किया गया और सम्बन्धित को निर्देश दिये जनता की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करें।

उक्त के उपरांत निर्वाचन कार्यालय का निरीक्षण किया गया जहां पर सभी व्यवस्थाएं उचित पाई गयी।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे सहित समस्त कलेक्ट्रेट के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# बरेली होते हुए तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस, इज्जतनगर मंडल ने शुरू की तैयारी

बरेली। तीसरी वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन साल के अंत तक बरेली होते हुए शुरू हो जाएगा। पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने इसके लिए तैयारी शुरू कर दी है। रूट तय करने के साथ समय सारिणी पर काम किया जा रहा है। यह ट्रेन काठगोदाम या फिर रामनगर से चलाई जाएगी। सप्ताह में छह दिन संचालन होगा। बरेली होते हुए देहरादून-लखनऊ और मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन काफी पहले शुरू हो चुका है। मेरठ-लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस को वाया अयोध्या होते हुए वाराणसी तक विस्तार को भी हरी झंडी मिल चुकी है। यह दोनों ट्रेनें उत्तर रेलवे मुरादाबाद मंडल की हैं। अब बरेली होते हुए इज्जतनगर मंडल वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन करेगा। जिन रूटों पर संचालन किया जाना है उनमें बरेली होते हुए मथुरा और आगरा प्राथमिकता में हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस का संचालन अगर आगरा के लिए किया जाता है तो आगरा फोर्ट के नियमित संचालन की पुरानी मांग भी पूरी हो जाएगी। फिलहाल रामनगर-आगरा फोर्ट के बीच इज्जतनगर मंडल सप्ताह में अप-डाउन चार-चार दिन सुपरफास्ट ट्रेन का संचालन कर रहा है। इस रूट पर वंदे भारत के संचालन की कवायद पिछले साल भी हुई थी, लेकिन बाद में प्रस्ताव ठंडे बस्ते में चला गया। अब इस पर नए सिरे से काम शुरू हो गया है।

# विश्व अस्थमा दिवस पर एस एस चिल्ड्रन एकेडमी बच्चों की जांच की गई

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। एस एस चिल्ड्रन एकेडमी, कांठ रोड मुरादाबाद में आज ३विश्व अस्थमा दिवस३ के अवसर पर कक्षा 5वीं के विद्यार्थियों के लिए एक विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर प्रातः 9 बजे से प्रारंभ हुआ, जिसमें सिपला फार्मास्युटिकल्स की ओर से चिकित्सीय विशेषज्ञों की टीम ने भाग लिया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया

शिविर में कलरव नर्सिंग होम से पधारे वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. के. जी.




गुप्ता तथा सिपला फार्मास्युटिकल्स के प्रतिनिधि मो. अजीम, प्रवीण सेठी, जितेन्द्र सिंह, सुधांशु वशिष्ठ एवं उनके सहयोगियों द्वारा विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डा. बबीता अग्रवाल, शैक्षिक निदेशक अपूर्व अग्रवाल एवं उप प्रधानाचार्या सुप्रिया अग्रवाल ने संयुक्त रूप से डॉ. के. जी. गुप्ता को पौधा भेंट कर उनका स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने कहा कि, ह्लस्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है,ह्व और इसी उद्देश्य से विद्यालय में समय-समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाता है।

विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक गण एवं विद्यार्थियों ने इस आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में इसे एक सराहनीय कदम बताया।

# बाढ़ पुर्व तैयारियों का बीडीओ हेमंत यादव ने लिया जायजा

**एनपीटी ब्यूरो**



महसी (बहराइच) मंगलवार दोपहर बीडीओ महसी हेमंत यादव ने अन्य कर्मियों के साथ तहसील महसी के बाढ़ प्रभावित गांव टिकुरी कोढवा दौरा किया और बाढ पूर्व तैयारियों का जायजा लिया। साथ कोढवा में सिंचाई विभाग द्वारा कटान रोकने के लिए बनाए जा रहे परक्यूपाइन का भी निरीक्षण किया और सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बीडीओ ने बाढ प्रभावित गांवों में आश्रय स्थलों में खाद्यान्न,दवाई एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्थाओं को बाढ़ पूर्व करवाने के निर्देश दिये। बाढ़ क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान बीडीओ ने मौके पर मौजूद ग्रामीणों से बाढ़ के समय उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर विचार विमर्श किया। इस दौरान प्रधान टिकुरी संजय त्रिवेदी, प्रवीण श्रीवास्तव सहित अन्य कर्मचारी व ग्रामीण मौजूद रहे।

# राहुल गांधी का धन्यवाद करने के लिए महिला कांग्रेस कार्यकताओं ने निकाली यात्रा



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। ठाकुरद्वारा, महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा और प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष जेहरा बी के नेतृत्व में अब्दुल्लापुर लेदा स्थित जिला कार्यालय से धन्यवाद राहुल यात्रा निकाली गई।

राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए- इस यात्रा का उद्देश्य कांग्रेस नेता राहुल गांधी के उस प्रयास के लिए आभार प्रकट करना था, जिसके चलते केंद्र सरकार को जातिगत जनगणना कराने के लिए बाध्य होना पड़ा। जिला कार्यालय में महिला कार्यकताओं ने खुशी जाहिर करते हुए यात्रा की शुरूआत की और राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए।जिला अध्यक्ष जेहरा बी ने कहा, राहुल गांधी जी के अथक प्रयासों का ही परिणाम है कि केंद्र की भाजपा सरकार को जातिगत जनगणना के मुद्दे पर झुकना पड़ा। यह सामाजिक न्याय की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम में सबाना अफदान, विनीता, शबनम, नसरा, कवित, नाजुक, सदफ, समन, खदीजा, सहनाज और पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष बसीम अहमद सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। यात्रा के दौरान कार्यकताओं में जोश और उत्साह देखा गया।

## भारत-पाक युद्ध की आशंका,बरेली में मॉक ड्रिल की तैयारियां तेज

**एनपीटी ब्यूरो**

बरेली। भारत-पाकिस्तान के बीच संभावित युद्ध की आशंका को देखते हुए केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के निर्देश पर जिले में मॉक ड्रिल की तैयारी शुरू कर दी गई है। इसी क्रम में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में एक अहम बैठक आयोजित की गई, जिसमें सिविल डिफेंस, पुलिस, प्रशासन और वायुसेना के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में सिविल डिफेंस के उपनियंत्रक राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि संगठन हर आपदा से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी से लेकर महाकुंभ जैसे आयोजनों में सिविल डिफेंस ने प्रशासन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। बुधवार को आईवीआरआई मैदान में युद्ध जैसी आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए मॉक ड्रिल कराई जाएगी। तीन तरह के चेतावनी संकेतों का होगा अभ्यास.ड्रिल में लोगों को हवाई हमले की स्थिति में बचाव के तरीकों, आपात चिकित्सा सेवाओं, अग्निशमन और राहत कार्यों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही तीन तरह के चेतावनी संकेतों का अभ्यास भी कराया जाएगा। पीला संकेत हमले की सूचना के लिए, लाल संकेत हमले की शुरूआत से पहले शरण लेने के लिए और हरा संकेत खतरा समाप्त होने पर बाहर निकलने के लिए होगा। ये अफसर रहे मौजूद इस मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सिटी मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, सीडीओ जग प्रवेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने मॉक ड्रिल की तैयारियों का जायजा लिया और युद्ध जैसी परिस्थितियों से निपटने के लिए सभी विभागों को सतर्क और तैयार रहने के निर्देश दिए। सिविल डिफेंस के अधिकारी ने कहा कि देश की सेवा का अवसर मिलना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। यदि युद्ध जैसी कोई परिस्थिति बनती है, तो हम अपनी जिम्मेदारी निभाने को पूरी तरह तैयार हैं।

# वॉकथॉन की यादों और हौजी गेम के साथ रोशन हुई रोटरी क्लब की शाम



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। रोटरी क्लब मुरादाबाद ब्रास सिटी स्टार्स के तत्वावधान में रामगंगा विहार स्थित रेस्टोरेंट में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर 27 अप्रैल 2025 को आयोजित वॉकथॉन के अनुभवों को एक्सपीरियंस क्लब के सदस्यों ने साझा किया। सभी सदस्यों ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक बताया। एक्सपीरियंस क्लब के सदस्यों ने साझा किया

सभा के पश्चात हौजी गेम का आयोजन हुआ, जिसे रूही रस्तोगी ने रोचक अंदाज में संचालित किया। .सभी सदस्यों ने इस खेल का भरपूर आनंद लिया और आपसी मेल-जोल को और मजबूत किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष विदुर गर्ग, अर्ची गर्ग, सचिव भरत अग्रवाल, आयुषी अग्रवाल,अनुज अग्रवाल, भारती अग्रवाल, दिलीप रस्तोगी, रऐन नमिता रस्तोगी, अनुभव रस्तोगी, रूही रस्तोगी, अक्षय जैन, दिशा जैन, सागर जैन, मानिक रस्तोगी, ज्योति रस्तोगी, नितिन अग्रवाल, ज्योति अग्रवाल, शशांक, ऋचा शर्मा, विवेक अग्रवाल एवं मीनाक्षी अग्रवाल सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने क्लब की गतिविधियों में इसी प्रकार उत्साहपूर्वक भाग लेने का संकल्प लिया।

# कैसरगंज में आरोग्य केंद्र बना जानवरों के लिए तबेला, अधिकारी बने अंजान

**नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो**

बहराइच। भारत सरकार की प्रमुख योजनाओं में सुमार प्रधानमंत्री आयुषमान योजना अन्तर्गत कैसरगंज में बना अरोग्य केंद्र क्षेत्रीय अधिकारियों व कर्मचारियों के लापरवाही के कारण जानवरों का तबेला बना हुआ है। बहराइच के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कैसरगंज के पवही गांव में बना अरोग्य केंद्र विगत कई वर्षों से जंगलों और खंडहरों में तब्दील है, करीब 2 वर्ष पूर्व इसका निर्माण कराया गया था पर आज तक उसमें फर्स,प्लास्टर व गेट तक नहीं लगा है उसके आसपास के ग्राउंड जंगल झाड़िया उग आई हैं। पवही ग्रामसभा वासी इस आस में है कि



इसका जल्द से जल्द संचालन शुरू होगा और हमें प्रधानमंत्री द्वारा चलायी जा रही स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं ग्राम पंचायत स्थित केंद्र से प्राप्त होगी किंतु स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों के लचर रवैया से ग्राम वासियों को समुचित स्वास्थ्य सेवाएं नहीं मिल पा रही हैं।

उक्त आरोग्यधाम मंदिर के संबंध में जब ग्राम वासियों से बात की गई तो उन्होंने बताया यह निर्माण कार्य करीब 2 वर्ष से बंद पड़ा है और इसके ठेकेदार अपना एक-एक कर सामान लेकर चले गए हैं तब से यहां कोई नहीं आया है,और लोग आते हैं तो फोटो खींचकर चले जाते हैं। जानकारी के संबंध में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक कैसरगंज को फोन किया गया तो उनका फोन रिसीव नहीं हुआ।

# एंटी करप्शन टीम ने रंगे हाथ रिश्वतखोर डॉक्टर गिरफ्तार दबोचा, सिपाही भर्ती में मेडिकल के लिए मांगी थी रकम




मथुरा में पुलिस भर्ती अभ्यर्थियों के मेडिकल और प्रमाण पत्र सत्यापन करने वाले एक चिकित्सक पर रिश्वत लेने का आरोप लगा है। एंटी करप्शन टीम ने मंगलवार की सुबह चिकित्सक को हाईवे थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया है। इसके बाद पुलिस चिकित्सक को लेकर रिफाइनरी थाने पहुंची, यहां एसपी श्लोक कुमार, एसपी सिटी डॉक्टर अरविंद कुमार और सीओ रिफाइनरी श्वेता वर्मा समेत एंटी करप्शन की टीम चिकित्सक से पूछताछ में जुटी हुई है। चिकित्सक का नाम हरिनारायण प्रभाकर है। वह अभी जिला अस्पताल में ईएमओ के पद पर तैनात हैं। एसपी श्लोक कुमार ने बताया कि एंटी करप्शन टीम ने चिकित्सक को पकड़ा है। उन्होंने कितने रुपए की रिश्वत मांगी थी और किन-किन लोगों से मांगी है, इसकी जानकारी की जा रही है।

# 101 साहित्यकारों को किया गया सम्मानित



मथुरा। वृंदावन में अखिल भारतीय साहित्य परिषद ब्रज प्रांत के तत्वावधान में गीता शोध संस्थान सभागार में सर्व भाषा साहित्यकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश की विभिन्न लोकभाषाओं ब्रज, कौरवी, खड़ी बोली, बुंदेली, अवधी और भोजपुरी में उत्कृष्ट साहित्य सेवा के लिए 101 मूर्धन्य साहित्यकारों, समाजसेवियों एवं पर्यावरण कार्यकताओं को सर्व भाषा साहित्यकार गौरव सम्मान, ह्यसमाज गौरव सम्मान एवं पर्यावरण गौरव सम्मान से अलंकृत किया गया।।कार्यक्रम का उद्घाटन महामंडलेश्वर, अक्षय पात्र आश्रम अनन्त वीर्य ने किया। परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील चंद्र त्रिवेदी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री श्रीधर पराड़कर, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री मनोज कुमार एवं राष्ट्रीय संयुक्त महामंत्री डॉ. पवनपुत्र बादल मौजूद रहे। कार्यक्रम दो सत्रों में संपन्न हुआ, जिसमें प्रदेश के विविध अंचलों से आए साहित्यकारों ने सहभागिता की। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश बाबू मिश्रा ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। समापन सत्र में पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की।

गीता शोध संस्थान के ब्रज संस्कृति विशेषज्ञ एवं प्रांतीय संरक्षक डॉ. उमेशचंद्र शर्मा ने आयोजन समिति की सराहना की। डॉ. अजीत कुमार जैन, डॉ. एसपी मौर्य, संजय पांडेय, विकास सारस्वत, डॉ. चंद्रप्रकाश शर्मा, संतोष मिश्रा, प्रो. पुरुषोत्तम पाटील, अंजना अंजुम, निरूपमा अग्रवाल, शेखर, कृपांशु खूबचंदानी मौजूद रहे। संचालन प्रांतीय संयुक्त मंत्री डॉ. पुरुषोत्तम पाटील एवं संगठन मंत्री अंजना अंजुम ने संयुक्त रूप से किया।

# वृंदावन - छटीकरा मार्ग पर विकास प्राधिकरण ने लगाए लाल निशान

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की टीम ने वृंदावन छटीकरा मार्ग पर ग्रीन बेल्ट और सेट बैक पर अतिक्रमण करने वालों के यहाँ लाल निशान लगा दिए हैं। हिदायत दी गई है कि उक्त क्षेत्र में अतिक्रमण न हटाया गया तो बिल्डिंग को सील कर दिया जाएगा। इससे छटीकरा मार्ग पर भवन स्वामियों में खलबली मच गई है। दरअसल पिछले काफी समय से वृंदावन छटीकरा मार्ग को हेरिटेज लुक देने की कोशिश हो रही है। इसके लिए इस फोरलेन मार्ग स्थित सभी भवनों के फ्रंट को एक रंग दिया जा रहा है। इसके बाद भी मार्ग को एकरुपता नहीं मिल पा रही है। इसमें भवन स्वामियों द्वारा ग्रीन बेल्ट और सेट बैक की जमीन पर अतिक्रमण बड़ी समस्या बना हुआ है। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में भवन स्वामियों ने




ग्रीन बेल्ट और सेड बैक की जमीन खाली छोड़ने संबंधी प्रावधान की अनदेखी कर दी है। उक्त क्षेत्र में भी व्यवसायिक गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। इसे देखते हुए सोमवार को मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने ओएसडी प्रसून द्विवेदी, अधिशासी अभियंता प्रशांत गौतम, सहायक अभियंता अशोक चौधरी सहित अनेक अवर अभियंताओं के साथ वृंदावन छटीकरा मार्ग के दोनों और ग्रीन बेल्ट और सेट बैक की जमीन चिन्हिंत कराई। यहाँ रोड किनारे ग्रीन बेल्ट और सेट बैक में निर्धारित जमीन पर लाल निशान भी लगाए गए, जिसे भवन स्वामियों को खाली करने को कहा गया। उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने भवन स्वामियों को हिदायत दी कि ग्रीन बेल्ट और सेट बैक की जमीन पर निर्माण, अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित भवन को सील कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि वृंदावन छटीकरा मार्ग पर आश्रम लैंड के सामने तीन मीटर ग्रीन बेल्ट और छह मीटर सेट बैक निर्धारित है। कामर्सियल, आवासीय भूमि में तीन मीटर ग्रीन बेल्ट तथा प्लाट के अनुरूप सेट बैक निर्धारित है। उक्त क्षेत्र में सभी प्रकार का अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिए गए हैं।

**विरोध** | बिहारीजी कॉरिडोर के विरोध में ब्रजवासियों का हल्ला बोल

# सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ भी फूटा गुस्सा

**एनपीटी ब्यूरो**

मथुरा। वृंदावन में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रस्तावित बिहारीजी कॉरिडोर को लेकर स्थानीय ब्रजवासियों का विरोध तेज होता जा रहा है। सोमवार को बड़ी संख्या में कॉरिडोर से प्रभावित लोगों ने ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर के चबूतरे पर विरोध प्रदर्शन करते हुए हल्ला बोल कार्यक्रम आयोजित किया। प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय सांसद हेमा मालिनी और उत्तर प्रदेश तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र के खिलाफ नारेबाजी की और आरोप लगाया कि सरकार कॉरिडोर के नाम पर ब्रज की सांस्कृतिक विरासत को नष्ट करने पर तुली हुई है। ज्ञात हो कि हाल ही में सांसद ने मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ को पत्र लिखकर बिहारीजी कॉरिडोर के निर्माण को शीघ्र शुरू करने की मांग की थी। इसी को लेकर आक्रोशित ब्रजवासियों ने कहा कि हेमा हमारे वोटों से सांसद बनी हैं न कि बाहर से आने वाले तीर्थयात्रियों की वजह से। उन्होंने आज तक एक बार भी पीड़ितों से संवाद नहीं किया।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने यह भी कहा कि बिहारी जी मंदिर परिसर में ही लगभग 1000 वर्गगज भूमि खाली पड़ी है, जिसका उपयोग तीर्थयात्रियों के लिए बेहतर व्यवस्था के लिए किया जा सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार का उद्देश्य सुविधा नहीं बल्कि कॉरिडोर के नाम पर पैसों की बंदरबांट करना है। ब्रजवासियों ने यह भी चेतावनी दी कि इस परियोजना से वृंदावन की पारंपरिक कुंजगालियां नष्ट हो जाएंगी जो ठाकुरजी की कुंजबिहारी लीला से जुड़ी हैं। अगर सरकार ने कॉरिडोर निर्माण की जिद नहीं छोड़ी तो हमें आत्महत्या जैसे कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा, एक प्रदर्शनकारी ने भावुक होकर यह कहा।

विरोध प्रदर्शन में रुक्मिणी रमन गोस्वामी, सोहन लाल मिश्र, राजेश शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, नीरज गोस्वामी, आशीष गोस्वामी, अशोक गोस्वामी, गोपाल शर्मा, सुरेश शर्मा, मोनू शर्मा, जय शर्मा, दीपक पाराशर आदि शामिल रहे।

### अग्रवाल मारवाड़ी महिला मण्डल के चुनाव सम्पन्न

# मोना बंसल बनी अध्यक्ष, सचिव कीर्ति व कोषाध्यक्ष बनी पूनम अग्रवाल

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो।

ललितपुर। अग्रवाल मारवाड़ी महिला मंडल के वार्षिक चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर अपनी भागीदारी निभाई। इन चुनाव में अध्यक्ष मोना बंसल, सचिव कीर्ति अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पूनम अग्रवाल सर्वसम्मति से चुनी गई। सभी सदस्यों ने उन्हें बधाई प्रेषित करते हुए मंडल में हुए पिछले सालों की तरह किए हुए नेकदिल कामों के प्रति संकल्प की प्रतिज्ञा कराई। पिछले साल की अध्यक्ष अलका अग्रवाल, सचिव नीना ओसवाल और



कोषाध्यक्ष अर्चना अग्रवाल ने सभी सदस्यों के सहयोग के लिए उनका आभार व्यक्त किया। इस दौरान अलका अग्रवाल, नीना ओसवाल, किरण, मानसी अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, मृदुला माहेश्वरी, अंजना अग्रवाल, प्रमिला ओसवाल, पूनम बंसल, मोना बंसल, नीलम अग्रवाल, कविता अग्रवाल, गरिमा अग्रवाल, पूनम अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, मोहिनी अग्रवाल, कीर्ति अग्रवाल, अर्चना अग्रवाल, सोनल अग्रवाल, प्रियंका लखोटिया आदि उपस्थित रही।

# भाजपा मंडल अध्यक्ष ने सौंपा ज्ञापन

## मड़ावरा क्षेत्र के विकास की रखी मांग

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

ललितपुर। मड़ावरा भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष द्वारा एक मुलाकात के दौरान मंडलायुक्त विमल कुमार दुबे को ज्ञापन सौंपकर मड़ावरा क्षेत्र के विकास की मांग की। अपने ज्ञापन में बताया कि मड़ावरा कस्बे को तहसील के दर्जा मिले हुये 10 वर्ष हो चुके हैं लेकिन कस्बे को सभी मानक पूर्ण करने के बावजूद नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिलने से कस्बे में समुचित विकास के कार्य अवरुद्ध हो रहे हैं, साथ ही बताया कि तहसील मुख्यालय पर उपनिबंधक कार्यालय नहीं होने से तहसील क्षेत्र के सैंकड़ा भर से अधिक गांव के ग्रामीणों को जमीनों के बैनामे हेतु महरौनी स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय जाना पड़ता है। वहीं मड़ावरा कस्बे के सटे हुये



पड़ोसी ग्राम रनगांव और साढ़ूमल में सैंकड़ों व्यापारिक प्रतिष्ठान, कृषि उपज मंडी, पेट्रोलपम्प, स्कूल-कॉलेज हैं जो मुख्य सडक पर लगभग पांच किमी के दायरे में स्थित हैं साथ ही क्षेत्र के दर्जनों गांवों से ग्रामीण खरीददारी एवं अन्य कार्यों से हजारों की संख्या में मड़ावरा आते-जाते हैं ऐसे में कस्बे में मड़ावरा-मदनपुर मुख्य मार्ग पर काफी भीड़भाड़ हो जाती है और आवेदिन सडक जैम की समस्या का सामना करना पड़ता है। मड़ावरा के बढ़ते भौतिक स्वरूप एवं आबादी को देखते हुए जनहित में ललितपुर रोड गल्लामंडी से लहरधाम तिराहे तक बाईपास सडक निर्माण कराया जाये। साथ ही पिपरट से होकर नाराहट तक जर्जर हो चुकी सडक का चौड़ीकरण और मरम्मत कराई जाये। मंडलायुक्त को ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान राकेश तिवारी, लखन कुशवाहा, सुरेंद्र साहू आदि मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना की दी गई जानकारी

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

ललितपुर। पंजाब नैशनल बैंक ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा ग्राम मिर्चवारा में घरेलू अगरबत्ती निर्माण प्रशिक्षण बैच के दौरान अग्रणी जिला प्रबन्धक रंजीत कुमार द्वारा भ्रमण किया गया जिसमें उनके द्वारा मुख्यमंत्री युवा उद्यमिता योजना की जानकारी देते हुये प्रशिक्षार्थियों को इस योजना का लाभ लेकर स्व-रोजगार की ओर प्रेरित करने का कार्य किया गया। उन्होने विधिवत जानकारी देते हुये कहा कि इस योजना में ब्याज मुक्त ऋऋण उपरांत सब्सिडी का लाभ पाकर अधिक से अधिक युवा लाभान्वित होकर अपना उद्यम शुरू कर सकते हैं। इस योजना में 21 से 40 वर्ष के युवा ऑनलाईन आवेदन कर सकते है इस योजना में प्रशिक्षण प्रमाण-पत्र की भी आवश्यकता होती है। आरसेटी से प्रशिक्षण प्राप्त युवा इस योजना का लाभ अवश्य उठाये तथा उद्यमिता के क्षेत्र मे आगे बढ़े। अगर आवेदक को ऋऋण प्राप्ति में किसी भी प्रकार की कोई बाधा आती है तो निसंकोच अग्रणी जिला कार्यालय में सम्पर्क कर सकते हैं।

## घरेलू एलपीजी का व्यवसायिक उपयोग करना अवैध

ललितपुर। जिला पूर्ति अधिकारी ने अवगत कराया है कि घरेलू एल.पी.जी. गैस सिलेण्डर का व्यवसायिक उपयोग करना अथवा घरेलू सिलेण्डर को अन्य सिलेण्डर में रिफिल करना एवं कार (वाहन) आदि में घरेलू सिलेण्डर का ईधन के रूप में अवैध तरीके से उपयोग करना द्रवित पेट्रोलियम गैस विनियमन एवं वितरण आदेश 2000 के प्राविधानों का उल्लंघन है, जिसके अन्तर्गत संबंधित के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। यह भी अवगत कराया है कि यदि किसी व्यक्ति को उक्त कार्य करने की जानकारी प्राप्त होती है तो वह कार्यालय नम्बर 7839564691 पर सूचना दे सकते है, ताकि तदनुसार अग्रेतर कार्यवाही की जा सकें।

## पुरस्कार योजना में चयन हेतु 8 मई तक करें आवेदन

नेशनल प्रेस टाईम्स,ब्यूरो।

ललितपुर। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.डी. वर्मा ने अवगत कराया है कि विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम योजना के अंतर्गत वित्तपोषित इकाईयों से पुरस्कार योजना में चयन हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये हैं, इच्छुक उद्यमी 8 मई तक किसी भी कार्यदिवस में जिला ग्रामोद्योग कार्यालय स्टेशन रोड से आवेदन कर सकते हैं व मोबाईल नम्बर 7408410798, 05176-273283 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

# भोपाल समेत पांच शहरों में होगी मॉक ड्रिल, सीएम बोले- भविष्य की चुनौतियों से निपटने में मिलेगी मदद

एनपीटी ब्यूरो

भोपाल। भारत सरकार के निदेशांनुसार नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन के तहत मध्यप्रदेश के भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी में बुधवार को शाम 4 से 8 बजे तक मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास हवाई हमले जैसी आपात स्थिति से निपटने की तैयारियों को परखने के लिए किया जा रहा है।

मध्यप्रदेश के पांच जिलों भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी में बुधवार को शाम 4 बजे से 8 बजे तक हवाई हमले की स्थिति का मॉक ड्रिल किया जाएगा। इस मॉक ड्रिल में हवाई हमले का काल्पनिक संकेत जिलों को मिलेगा, जिसके बाद ब्लैकआउट, आग लगने की स्थिति में बचाव, अस्थायी अस्पताल की स्थापना और नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाने जैसे कई अहम अभ्यास किए जाएंगे। शाम 7:40 बजे ब्लैकआउट का का समय दिया गया है। मॉक ड्रील में सायरन के माध्यम से संकेत दिया जाएगा, जिसमें दो मिनट तक ऊंची-नीची आवाज वाला सायरन बजेगा। खतरे के समाप्त होने पर दोबारा दो मिनट तक सायरन बजाकर सामान्य स्थिति की सूचना दी जाएगी। आम नागरिकों से अपील की गई है कि वे अपने घरों और कार्यालयों की लाइट्स बंद रखें, पर्दे गिराएं, अफवाह न फैलाएं और आपात सेवाओं को अवरोधित न करें।

इस राज्यस्तरीय मॉक ड्रिल में रक्षा मंत्रालय, रेलवे, विमानन विभाग सहित विभिन्न सरकारी एजेंसियों और जिला प्रशासन का सहयोग रहेगा। अभ्यास का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना, प्रशिक्षण देना और आपदा प्रबंधन प्रणाली को मजबूत करना है। गृह विभाग की सचिव कृष्णावेणी देशावतु ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अभ्यास में सक्रिय भागीदारी निभाएं और प्रशासन का सहयोग करें।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिक सुरक्षा को लेकर मॉक ड्रिल की तैयारी पर बोलते हुए कहा कि भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय से स्पष्ट संदेश आया है। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रदेश को हर संभावित चुनौती से निपटने के लिए सक्षम बनाना हमारा उद्देश्य है। इसी के तहत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर और कटनी में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह ड्रिल केवल प्रतीकात्मक नहीं, बल्कि प्रदेश की तैयारियों को परखने और जनता को जागरूक करने का प्रयास है। आगे चलकर अन्य जिलों में भी इसी तरह की व्यवस्थाएं की जाएंगी ताकि देश किसी भी आपात स्थिति या दुश्मन की साजिश का एकजुट होकर, सतर्कता के साथ जवाब दे सके।

# गोभा पंचायत अंतर्गत मुनगहवाँ गांव के घने जंगलों में अज्ञात लोगों ने भारी संख्या में वृक्षों की कर दी कटाई

## वन अधिकार के तहत पट्टा प्राप्त करने के लिए असमाजिक तत्वों द्वारा सघन

एनपीटी ब्यूरो

सिंगरौली। बैढ़न वन परिक्षेत्र के ग्राम पंचायत गोभा के ग्राम मुनगहवाँ में स्थित घने जंगल में हरे भरे पेड़ों की अवैध कटाई का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। अभी तक आपने देखा या सुना होगा कि असमाजिक तत्वों द्वारा लकड़ियों के अवैध व्यापार के लिए जंगलों में पेड़ों की कटाई की जाती हैं। लेकिन ग्राम मुनगहवाँ में पेड़ों की अवैध कटाई करने वालों का लक्ष्य वनों का सफाया कर वन भूमियों पर कब्जा करने का है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत गोभा का ग्राम मुनगहवाँ, छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से लगा हुआ है और सिंगरौली मुख्यालय से लगभग 25



किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। सिंगरौली वन विभाग द्वारा इस क्षेत्र में सैकड़ो हेक्टेयर क्षेत्रफल में वृक्षारोपण करा कर घने वनों का विकास किया गया है।

चूंकि यह क्षेत्र एकांत में पड़ता है, जिस कारण बहुत कम लोगों का इधर आना-जाना होता है। जिसका फायदा उठाकर कुछ असमाजिक लोग भविष्य में वनाधिकार के तहत मिलने वाला पट्टा पाने के लालच में लगभग एक महीने से वन कक्ष क्रमांक 405 के जंगलों में घुसकर लगभग 20 से 22 एक-ड़ क्षेत्रफल में सैकड़ो की तादाद में हरे भरे वृक्षों को काट दिया गया है और यही क्रम अभी भी जारी है।

सबसे बड़ी बात पेड़ों को काटने के बाद उनके द्वारा लकड़ियों को पूरी तरह से जला दिया जा रहा है ताकि जंगल का वहां नामोनिशान न रह जाए। अगर समय रहते सिंगरौली वन मंडल के अधिकारी कुंभकर्णी नींद से नहीं जागते हैं तो फिर सिंगरौली में स्थित वनों का सर्वनाश निश्चित है।

## सरस्वती विन्ध्यनगर के अमर बने कक्षा 10वीं के जिला टॉपर



एनपीटी ब्यूरो

सिंगरौली दिनांक 6 मई 2025 को मध्यप्रदेश बोर्ड कक्षा 10वीं एवं 12वीं का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। कक्षा दशमी के भैया अमर नाथ शाह ने 489 अंक प्राप्त कर सिंगरौली जिला में प्रथम स्थान लाया। भैया अमर नाथ ने इस परीक्षा परिणाम का श्रेय अपने माता-पिता एवं आचार्यें को दिया। विद्यालय के व्यवस्थापक श्री धीर सिंह चैहान एवं प्राचार्य मुद्रिका प्रसाद दुबे ने ट्राफी एवं पुरस्कार से भैया को सम्मानित किया। इस अवसर पर छात्र के पिता ईश्वर नाथ शाह ने खुशी व्यक्त करते हुये सभी शिक्षकों के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। कक्षा 10वीं में दस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया। कक्षा 12वीं के वाणिज्य संकाय का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 83.7 प्रतिशत एवं कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 90.2 प्रतिशत रहा। इस परीक्षा परिणाम से अभिभावकों, विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों में खुशी का माहौल बना हुआ है। भैया-बहनों ने एक दुसरे को बधाई देते हुए परीक्षा परिणाम की खुशियाँ मनाई। सफल भैया-बहनों को आचार्य परिवार की ओर से विद्यालय के प्राचार्य एवं व्यवस्थापक के द्वारा उज्वल भविष्य की कामना एवं परीक्षा परिणाम की बधाई दी गई।

**कक्षा 10वीं में दस विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान बढ़ाया**


## प्रदेश मे जारी रहा तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर, तापमान में आई गिरावट, 3 दिन रहेगा असर

एनपीटी ब्यूरो

भोपाल। मंगलवार को प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहा। इंदौर में करीब एक इंच बारिश हुई। जबकि भोपाल और उज्जैन में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के तापमान में गिरावट आई है।

मध्य प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ की वजह से मौसम बदला हुआ है प्रदेश की कई जिलों में लगातार बारिश ओले के साथ तेज हवाएं चल रही है। मंगलवार को प्रदेश में तेज आंधी, बारिश और गरज-चमक का दौर जारी रहा। इंदौर में करीब एक इंच बारिश हुई। जबकि भोपाल और उज्जैन में भी हल्की बूंदाबांदी हुई। प्रदेश के तापमान में गिरावट आई है।

प्रदेश के तापमान में आई गिरावट-प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के कारण तापमान में गिरावट आई हैं। प्रदेश किसी भी शहर में लू का असर नहीं है। मंगलवार को सबसे गर्म नरसिंहपुर और खजुराहो रहे यहां का तापमान 39.4 डिग्री दर्ज किया गया, वहीं मंडला में 39 डिग्री, उज्जैन में



32.5 डिग्री, भोपाल में 34.6 डिग्री, इंदौर में 32.4 डिग्री, ग्वालियर में 35.4 डिग्री और जबलपुर में 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सबसे ठंडा पचमढ़ी रहा। यहां 32 डिग्री दर्ज किया गया। रतलाम में 32.2 डिग्री, गुना में 32.5 डिग्री और शाजापुर में तापमान 32.7 डिग्री रहा।

कल इन जिलों में बदला रहेगा मौसम- मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के अनुसार बुधवार को मैहर, शहडोल, उमरिया, अनूपपुर, डिंडौरी,मंडला, बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा में ओले गिर सकते हैं। इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, विदिशा, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी, सिंगरौली, नर्मदापुरम, बैतूल, सीहोर, देवास, राजगढ़, शाजापुर, आगर-मालवा, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, अलीराजपुर, धार, बड़वानी में हल्की बारिश और आंधी का असर रहेगा।

प्रदेश में इसलिए बदला मौसम - मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि वेस्टर्न डिस्टरबेंस, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन और ट्रफ की वजह से पूरे प्रदेश में मौसम बदला हुआ है। सोमवार को कई जिलों में आंधी, ओले-बारिश का दौर बना रहा। वहीं, मंगलवार को भी ऐसा ही मौसम रहेगा। 9 अप्रैल तक आंधी, बारिश का अलर्ट है।

# राजीव सागर बाँध के खुले गेट, छोड़ा 150 क्यूसेक पानी

नेशनल प्रेस टाइम्स,ब्यूरो

बालाघाट। पिछले कुछ दिनों से किसानों ने मांग रखी थी कि नदी के किनारे गांव की खेती सूखने की कगार पर है और पीने के पाने की भी समस्या बनी हुई है प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा था जिससे महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले के किसान धरने पर बैठने वाले थे। मगर कटंगी खैरलांजी के विधायक गौरव सिंह पारधी द्वारा गत दिवस पूर्व क्षेत्रवासियों को आश्वस्त किया गया था कि राजीव सागर डैम का पानी शीघ्र ही नदी में छोड़ा जाएगा। जिससे विधायक द्वारा अधिकारियों से बैठक की गई और किसानों को आश्वासन दिया था कि 5 मई को दोपहर तक गेट खोल दिए जायेंगे। विधायक ने स्वयं उपस्थित



रहकर राजीव सागर बांध के खुलवाएं और बांध का पानी नदी में छोड़ दिया गया है, जिससे नदी के तटीय क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल मिल सकेगा साथ ही, नहर में भी निरंतर रूप से पानी प्रवाहित हो रहा है और नहर पर आश्रित किसानों को भी सिंचाई हेतु पूरा पानी उपलब्ध कराने का सतत प्रयास जारी है।

दर्जनों गांव को इसका मिलेगा लाभ : प्राप्त जानकारी के अनुसार राजीव सागर बांध के गेट खोलने से ग्राम भोड़की,बड़पानी, दिग्धा, अंजनबिहारी, बम्हनी, बोनकट्टा, हरदोली, टेकाडी, पुलपुट्टा छतेरा तथा महाराष्ट्र के चिखली, देवनारा, आदि गांव में पानी मिलेगा। अधिकारियों ने जानकारी दी है कि ग्राम छतेरा तक पानी पहुंचने के बाद राजीव सागर बांध के गेट बंद कर दिए जाएंगे।

# प्रियंका को पीएचडी की उपाधि

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सीकर।सीकर की प्रियंका शर्मा को सुरेश ज्ञानविहार यूनिवर्सिटी के तहरवें दीक्षांत समारोह में पीएचडी की उपाधि से सम्मानित किया गया है . प्रियंका ने अपना शोध मैनेजमेंट के क्षेत्र में किया है जिसके अंतर्गत उनका विषय ह्र ए स्टडी ऑन एम्प्लोयी रिटेंशन स्ट्रेटेजीज़ ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशंस ऑफ राजस्थान विथ स्पेशल रिफरेन्स टू शेखावाटी रीजन रहा जो उन्होंने डॉ स्वाति मिश्रा (प्रोफेसर - हेड (मैनेजमेंट) के निर्देशन में सम्पूर्ण किया है जिनके अमूल्य योगदान के लिए वो सदेव कृतज्ञ है . प्रियंका का मानना है कि शेखावाटी ह्रएजुकेशन हब्ह्र के नाम से प्रसिद्ध है और उनकी पीएचडी शोध का शिक्षा के क्षेत्र में अवश्य



ही योगदान रहेगा.

पीएचडी की उपाधि से अलंकृत होने वाली प्रियंका शर्मा ने शोध कार्य के लिए अपने गुरुजनों का और प्रेरणास्त्रोत अपने पिता राजेंद्र प्रसाद शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया है, वही इसकी सफलता पर सामाजिक बंधुओं, परिवार जनों, शहर के गणमान्य नागरिकों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है . अपने पिता का सपना साकार करने पर प्रियंका ने इसे गर्व की अनुभूति कहा है. शिक्षा में बचपन से ही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रियंका ने शहर में एंकरिंग, इवेंट्स, कोरियोग्राफी जैसे क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना कर लोकप्रियता हासिल की है, और अपनी प्रतिभा एवं काबिलियत से आगे भी समाज में प्रगतिशील बदलाव लाने के लिए तत्पर है .

# चंवरा चौफूल्या में अमेजॉन-फ्लिपकार्ट के खिलाफ व्यापारियों में रोष, स्वदेशी व्यापार को समर्थन देने की मांग




**नेशनल प्रेस टाइम ब्यूरो**

झुंझुनूं चंवरा। विदेशी ई-कॉमर्स कंपनियों अमेजॉन और फ्लिपकार्ट द्वारा स्थानीय व्यापार पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव के विरोध में रविवार को चंवरा चौफूल्या में व्यापारियों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह विरोध प्रदर्शन स्वदेशी जागरण मंच झुंझुनूं के बैनर तले जताया गया। जिसकी अध्यक्षता हमीर सिंह शेखावत ने की। विरोध प्रदर्शन में दर्जनों दुकानदारों ने भाग लिया और अपने व्यापार पर मंडरा रहे संकट को लेकर चिंता जाहिर की। स्वदेशी जागरण मंच के पूर्णकालिक कार्यकर्ता ब्रह्मदत्त मीणा ने कहा कि अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी विदेशी कंपनियां भारी छूट और लुभावने विज्ञापनों के जरिए उपभोक्ताओं को आकर्षित कर रही हैं जिससे स्थानीय बाजार की रीढ़ टूटती जा रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कई बार इन कंपनियों के माध्यम से ग्राहकों को जाली एवं घटिया सामान भेजा जाता है जिससे उपभोक्ता और दुकानदार दोनों को नुकसान उठाना पड़ता है। हमीर सिंह व रुड़सिंह शेखावत ने कहा इन कंपनियों के कारण छोटे दुकानदारों की आय में भारी गिरावट आई है। कई व्यापारियों के लिए तो दुकान का किराया, बिजली बिल और कर्मचारियों का वेतन निकालना भी मुश्किल हो गया है। सरकार को चाहिए कि इन पर तत्काल लगाम लगाए। कपड़ा व्यापारी विक्रम गुर्जर ने कहा पिछले कुछ वर्षों में हमारी आमदनी आधी रह गई है। अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी कंपनियों को पूर्ण रूप से प्रतिबंधित किया जाना चाहिए। जहां स्थानीय दुकानदार ग्राहकों को उधार और मानवीय सुविधा देते हैं वहीं ऑनलाइन कंपनियां उपभोक्ताओं से धोखाधड़ी कर रही हैं।

व्यापारियों ने केंद्र सरकार से अपील की कि वे अमेजॉन, फ्लिपकार्ट व अन्य विदेशी ऑनलाइन कंपनियों पर सख्त नीति बनाएं और स्वदेशी व्यापार को बढ़ावा दें। इस अवसर पर पुरुषोत्तम सोनी, देशराज सेनी, अशलम चौधरी, नरेन्द्र सैनी, रामस्वरूप सैनी, जितेन्द्र सैनी, अन्तेस मीणा, जेपी सैनी, डीपी खल्वा, चतर सिंह, बाबूलाल, महिपाल खल्वा खोह, विक्रम दौराता सहित कई दुकानदार उपस्थित रहे।

# पूनम सारण बनी नागौर जिला अध्यक्ष

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

सामाजिक कार्यों में अग्रणीय महिला स्वरोजगार को समर्पित संस्था सेवार्थ फाउंडेशन द्वारा नागौर जिले का जिला अध्यक्ष पूनम सारण को बनाया गया है गौरतलब है कि पूनम सारण काफी समय से नागौर डेगाना में रहकर महिला स्वरोजगार के लिए कार्य कर रही है वो लगातार अपने बुटीक के माध्यम से काफी महिलाओं को रोजगार उपलब्ध करवा रही है उनकी ये नियुक्ति संस्था की संरक्षक समाजसेवी शिक्षाविद् मंजू लाटा किशोर शेखावत



करिश्मा शर्मा डॉक्टर रेनू पाठक हंसा कंवर प्रीति मिश्रा सिरू कंवर प्रीति सिहोटिया पूनम कुमावत पूजा शर्मा की सहमति से हुई है अब वो डेगाना में महिलाओं को सिलाई प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगी ।उनकी इस नियुकी से महिला संगठनों द्वारा बधाई प्रेषित की गई।

# नवीन शर्मा बने बने मुंडावर ब्लॉक अध्यक्ष

खैरथल-तिजारा: विप्र कल्याण समिति जिला खैरथल द्वारा अभिनव शर्मा पुत्र श्री धर्मराज शर्मा रेजिडेंट दरबारपुर को मुण्डावर तहसील का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्त विप्र कल्याण समिति के जिला अध्यक्ष संदीप मिश्रा ने समिति की सहायक एवं



संरक्षकों की सहमति से की है

# लाभार्थियों को पेंशन समय पर नहीं मिलने से जिले के हजारों लाभार्थी परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम**

खैरथलः बुजुर्गो, महिलाओ और विकलांगों को सामाजिक पैंशन समय पर नही मिलने से बड़ी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ई-मित्रों और बैंको में लाभार्थी चक्कर लगा रहे है अधिकत्तर लाभार्थियों को दो महिने से पैशन नही मिली है एक बुजर्ग दम्पत्ति ने बताया कि हमारी तो 10 महिने से पैंशन नही आई है तहकीकात मे पता लगा पैंशन लाभार्थियों के बिल तो बन चुके है स्टेट्स पैंडिग पैमेंटस आ रहा है मतलब सरकार पैसा नही डाल रही है

लाभार्थी सुरेंदर,सुभाष ,किशोरी लाल ने बताया पिछली सरकार ने न्यूनतम आय गारंटी कानून बनाया था जिसमें हर बुजुर्ग, दिव्यांग, विधवा इत्यादि को हर महीने पेंशन का अधिकार दिया गया है यानी राजस्थान सरकार इन श्रेणियों में शामिल लोगों को पेंशन देने के लिए बाध्य है ह्न फिर भी समय पर पैशन नही मिल रही जिससे दिव्यांगजन, बुजुर्गो, एकल नारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सरकार को सभी बकाया पैशन एक साथ देकर आगे से समयबद्ध तरीके से पैमेंट जारी करना चाहिए.

# 1971 के भारत-पाक युद्ध के बाद पहली बार व्यापक स्तर पर होगी मॉक ड्रिल

## अंतिम चरण में तैयारियां

जैसलमेर । सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण सीमावर्ती जैसलमेर में कल होने वाली मॉक ड्रिल की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वर्ष 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के बाद पहली बार इतने व्यापक स्तर पर यह ड्रिल आयोजित की जा रही है।

देश की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से भारत सरकार 7 मई को सीमावर्ती और सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण जिलों में अब तक की सबसे बड़ी और संगठित सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल आयोजित करने जा रही है। राजस्थान के जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, अलवर, उदयपुर, जयपुर, कोटा, नाल (बीकानेर) और रावतभाटा सहित कई प्रमुख जिलों को इस अभ्यास में शामिल किया गया है।

इस अभूतपूर्व अभ्यास का उद्देश्य युद्ध जैसी आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की तैयारी को परखना और उसमें सुधार लाना है। यह ड्रिल वर्ष 1971 में हुए भारत-पाक युद्ध के बाद पहली बार इतने व्यापक स्तर पर आयोजित की जा रही है, जो इसकी गंभीरता और महत्व को दर्शाती है।

सिविल डिफेंस विशेषज्ञ हिम्मत सिंह के अनुसार इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा एजेंसियों की त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की जांच के साथ-साथ आम नागरिकों को भी आपातकालीन परिस्थितियों में सतर्क, संयमित और समझदारी से व्यवहार करना सिखाना है। यदि भविष्य में युद्ध, हवाई हमला या किसी अन्य प्रकार की राष्ट्रीय आपदा उत्पन्न होती है, तो नागरिकों को यह भली-भांति मालूम होना चाहिए कि उन्हें क्या करना है और कैसे अफवाहों से बचना है।

अभ्यास के दौरान विशेष सायरनों का उपयोग किया जाएगा, जिन्हें फायर ब्रिगेड स्टेशनों, पुलिस मुख्यालयों, रेलवे स्टेशनों, हवाई अड्डों और एयरफोर्स बेस पर लगाया गया है। इनकी आवाज 2 से 5 किलोमीटर तक सुनी जा सकेगी। सायरनों के बजते ही मॉक ड्रिल की शुरूआत मानी जाएगी और सभी एजेंसियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी प्रतिक्रिया देनी होगी।

जैसलमेर जिला प्रशासन इस अभ्यास को लेकर पूरी तरह सक्रिय है। जिला कलेक्टर प्रताप सिंह ने सोमवार को सिविल डिफेंस अधिकारी काजल जालिया और अन्य अधिकारियों के साथ विभिन्न स्थलों का निरीक्षण किया और तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी एजेंसियों को निर्देश दिए कि कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और प्रत्येक विभाग को अपनी जिम्मेदारी स्पष्ट रूप से निभानी होगी।

# नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की संयुक्त टीम ने की अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

अलवर 6 मई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन में नगर विकास न्यास एवं नगर निगम की संयुक्त टीम द्वारा दूसरे दिन आज शहर के प्रमुख मार्गों व चौराहों के सडक भाग में किए गए अस्थाई अतिक्रमण को मौके पर ही हटाने की कार्रवाई की गई एवं आमजन से पुनः अतिक्रमण नहीं करने के लिए समझाइश की गई।

नगर विकास न्यास के अतिक्रमण निरोधक अधिकारी ने बताया कि टीम द्वारा नंगली सर्किल से बिजलीघर चौराहा होते हुए भगतसिंह चौराहा, भगतसिंह से अम्बेडकर चौराहा एवं काशीराम चौराहे पर स्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।

इस दौरान न्यास के कठिष्ठ अभियन्ता एवं नगर निगम के अतिक्रमण निरोधक दस्ता मौजूद रहा।

# रेगिस्तान में गरजेंगे रफाल, सुखोई और जगुआर, 7 व 8 मई को वायुसेना करेगी बड़े पैमाने पर अभ्यास

जयपुर। पाकिस्तान की सीमा से लगे राजस्थान के थार में भारतीय वायुसेना 7 व 8 मई को बड़ा अभ्यास करेगी। इसके लिए NOTAM जारी हुआ है। राजस्थान के रेगिस्तान में 7 व 8 मई को रफाल, सुखोई और जगुआर गरजेंगे। भारत-पाकिस्तान के तनाव के बीच भारतीय वायुसेना ने बड़े युद्धाभ्यास का ऐलान किया है। इसके लिए नोटिस टू एयरमैन (NOTAM) जारी किया गया है। यानी इस दौरान संबंधित क्षेत्र की हवाई सीमा अन्य श्रेणी के विमानों के लिए प्रतिबंधित रहेगी। दोनों देशों के तनाव के बीच यह वायुसेना का सबसे बड़ा अभ्यास है, जिसमें रफाल, सुखोई, मिराज और मिग-29 जैसे फ्रंट लाइन विमान हिस्सा लेंगे।

# प्रधान नौशाद अली ने बंजर भूमि को पुलिस की मदद से पूर्व प्रधान के चंगुल से कराया मुक्त

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**

मुरादाबाद। मुंडापांडे। ब्लॉक मुंडापांडे की ग्राम पंचायत रामपुर भीला में बंजर की जमीन को कराया गया मुक्त, ग्राम प्रधान ने ग्राम समाज की भूमि का कब्जाधारी के खिलाफ उच्च अधिकारियों से शिकायत की थी, तथा राजस्व निरीक्षण व लेखपाल प्रदीप कुमार ने ग्राम पंचायत रामपुर भीला में अवैध रूप से कब्जा कर रहा बंजर भूमि को मुक्त



कराया गया। ग्राम प्रधान नौशाद अली ने बताया कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा ग्राम समाज की भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया था, जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से की गई थी, तथा ग्राम प्रधान ने बताया कि आगे भी ग्राम समाज की जमीन बहुत जल्द खाली कराई जाएगी, तथा मौके पर पहुंचे तहसील के अधिकारियों ने पुलिस प्रशासन के द्वारा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

# जिले में मॉक ड्रिल की तैयारियां पूरी, मुख्य सचिव ने वीसी के जरिये ली अधिकारियों की बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**

अजमेर । अजमेर में आज होने वाली मॉक ड्रिल के लिए तैयारियां अंतिम चरण में हैं। आज वीसी के माध्यम से हुई एक बैठक में मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों और विभागों को अलर्ट रहने के निर्देश दिए।भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के मद्देनजर केंद्र सरकार ने देशभर में एक व्यापक मॉक ड्रिल का आयोजन करने का फैसला किया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह मॉक ड्रिल 7 मई को देश के 244 जिलों में आयोजित की जाएगी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। इस अभ्यास का उद्देश्य आपदा या युद्ध जैसी आपात स्थिति में प्रशासनिक और सुरक्षा तंत्र की तैयारियों को परखना और आमजन को जागरूक करना है।

जिले में इस मॉक ड्रिल की व्यापक तैयारियां हो चुकी हैं। मंगलवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अधिकारियों की बैठक ली गई, जिसमें डीआईजी ओमप्रकाश मेघवाल, एसपी वंदिता राणा, एडीएम सिटी गजेंद्र सिंह राठौड़ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के दौरान सभी विभागों को अलर्ट मोड पर रहने और आवश्यक तैयारियों को अंतिम रूप देने के निर्देश दिए गए।

संभागीय आयुक्त महेशचंद्र शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान किसी विशेष स्थान को चिन्हित कर एक आपदा की स्थिति को मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें सुरक्षा एजेंसियां, फायर ब्रिगेड, चिकित्सा दल, नगर निगम और आपदा प्रबंधन से जुड़े विभाग सक्रिय भूमिका निभाएंगे। इस दौरान विभागों की तत्परता, समन्वय और प्रतिक्रिया क्षमता का आकलन किया जाएगा, जिससे भविष्य में किसी भी आकस्मिक स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके।

# जिला कलक्टर ने फाहरी में आयोजित रात्रि चौपाल में आमजन की परिवेदनाएं सुनकर त्वरित निराकरण के दिये निर्देश

**एनपीटी ब्यूरो**

अलवर 6 मई। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज गोविंदगढ उपखण्ड के ग्राम पंचायत फाहरी में आयोजित रात्रि चौपाल में ग्रामीणों की परिवेदनाओं को सुना। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि रात्रि चौपाल में प्राप्त परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण कर आमजन को राहत पहुंचाए ।

जिला कलक्टर ने रात्रि चौपाल में ग्राम फाहरी सहित आस-पास के क्षेत्र से आये ग्रामीणों से पेयजल, विद्युत, पुलिस, स्वास्थ्य, रसद, आंगनबाडी सेवाओं, सामाजिक न्याय व अधिकारिता, मनरेगा सहित अन्य विभागों की सेवाओं का फीडबैक लिया। जनसुनवाई में आने वाली परिवेदनाओं को जिला कलक्टर ने सुनकर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि जनसुनवाई में प्राप्त परिवेदनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि



परिवेदनाओं के निराकरण कि सूचना परिवादी को दी जाये तथा इसकी रिपोर्ट भिजवाये ।

उन्होंने कहा कि किसानों को प्रोजेक्ट समृद्ध किसान के तहत किसानों विभागीय योजनाओं का लाभ दिलावे, महिलाओं व विद्यार्थियों को सशक्त नारी, समृद्ध गांव नवाचार के तहत वित्तीय साक्षरता प्रदान करें, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत ग्रामीणों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने की जानकारी प्रदान कर उन्हें प्रेरित करें।

ये रही परिवेदनाएं-जनसुनवाई में फाहरी के आसपास के ग्रामीणों ने जिला कलक्टर के समक्ष अपनी परिवेदनाएं प्रस्तुत की, जिनमें छतरपुर गांव के जाटव मोहल्ले में सड़क निर्माण कराने, फाहरी, इटका व आसाका गांव में जेजेएम से पेयजल सप्लाई सुचारु करवाने, फाहरी में जेजेएम पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों को ठीक कराने एवं वार्ड नंबर 6 में बिजली कटौती संबंधी परिवेदनाएं दीं।

**सरकारी योजनाओं की दी जानकारी**

रात्रि चौपाल में विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों में संचालित केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। मौके पर विद्युत विभाग द्वारा सूर्यघर योजना में रजिस्ट्रेशन किये गए। ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाने हेतु प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई।

इस दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर श्री मुकेश कायथवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री सालुखे गौरव रविंद्र, उपखण्ड अधिकारी श्री सुभाष यादव, जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता श्री रमेश चंद सैनी, पीडब्लूडी के अधीक्षण अभियंता श्री भूरी सिंह, सीएमएचओ डॉ. योगेंद्र शर्मा, डीएसओ श्री विनोद जुनेजा, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक श्री पी सी मीणा, तहसीलदार श्री राजेंद्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं सरपंच श्रीमती छोटी देवी व बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# खाली पड़ी भूमि पर दो पक्षों ने जताया अपना हक

## दोनों समाज के लोगों ने पुलिस को दिखा जमीन के दस्तावेज, राजस्व विभाग ने की पैमाइश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में खाली पड़ी भूमि पर दो समुदाय के लोगों ने अपना-अपना हक जताते हुए भूमि स्थल पर हंगामा किया। मौके पर राज्स्व विभाग की टीम ने पहुंचकर भूमि की पैमाइश कर दोनों पक्षों के दस्तावेज देखें। भूमि का निपटारा नहीं होने पर टीम वापस लौट गई। कस्बे के मोहल्ला खेल में दलित बस्ती के समीप वर्षों से भूमि खाली पड़ी हुई है। उक्त भूमि पर दलित समाज के द्वारा दुर्गा माता का मंदिर स्थापित कर रखा है जिस पर दलित समाज के द्वारा पूजा अर्चना की जाती है। मंदिर के समीप पड़ी खाली भूमि पर कस्बा



निवासी सनाउल्लाह बैग ने जिलाधिकारी शामली को शिकायती पत्र देकर बताया था कि दलित समाज के द्वारा उसके पुरखों की भूमि पर वर्षों से जबरन कब्जा कर मंदिर बना रखा है। मंगलवार को जिलाधिकारी के आदेश पर राजस्व विभाग की टीम भूमि की पैमाइश करने के लिए पहुंची तो मौके पर दलित समाज के दर्जनों महिला,पुरुषों ने हंगामा खड़ा कर दिया। बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष देवीदास जयंत के द्वारा बताया गया कि उक्त भूमि दलित समाज की है जिस पर दलित समाज ने दुर्गा माता मंदिर बना रखा है और उस पर वर्षों से पूजार्चना करते है और उक्त भूमि से रविदास जयंती की शोभायात्रा सहित अन्य पर्व से झांकियां निकाली जाती हैं। मुस्लिम पक्ष ने भूमि को अपना बताते हुए राजस्व विभाग को अपने दस्तावेज दिखाएं। भूमि की जांच करने पहुंची राजस्व विभाग की टीम ने भूमि की पैमाइश करते हुए दोनों पक्षों को भूमि संबंधित दस्तावेज लेकर उपजिला अधिकारी के समक्ष पेश होने के निर्देश दिए। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल भी मौजूद रहा।

## छात्राओं पर फब्तियां कस रहे दो आरोपी गिरफ्तार

कैराना। एंटी रोमियो दल की टीम ने गर्ल्स कॉलेज के पास खड़े होकर छात्राओं पर फब्तियां कसने एवं अश्लील इशारे करने के आरोप में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए दोनों आरोपियों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।
विगत सोमवार को एसपी शामली रामसेवक गौतम के निर्देशानुसार एंटी रोमियों दल की टीम ने महिलाओं एवं छात्राओं के विरुद्ध आपराधिक घटनाओं में लिप्त आरोपियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कस्बे के दिगम्बर जैन गर्ल्स इण्टर कॉलिज के पास खड़े होकर छात्राओं पर फब्तियां कसने तथा अश्लील इशारे करने के आरोप में दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में अपना नाम व पता भूरा व अजीम निवासीगण मोहल्ला इमामबाड़ा कस्बा कैराना बताया है। पुलिस ने उनका चालान कर दिया है।

# घर में घुसकर किशोरी के साथ छेड़छाड़ के आरोपी को पुलिस ने भेजा जेल

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** कस्बे के मोहल्ला खेल में नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी ओर उसके साथी के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस दूसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है।
कस्बे के मोहल्ला खेल निवासी भूरा पुत्र हारून ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि सोमवार को पीड़ित की नाबालिग भतीजी अपने घर पर खाना बना रही थी। आरोप है कि इसी बीच पड़ोस के ही



साहिब पुत्र महाराज व फिरोज पुत्र गफ्फार पीड़ित के घर में घुस गए और पीड़ित की भतीजी के साथ छेड़छाड़ करने लगे। पीड़ित की भतीजी ने विरोध किया तो आरोप है कि दोनों ने पीड़ित की भतीजी को मारपीट कर घायल कर दिया था। शोर शराबा होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। पीड़ित ने थाने पर तहरी देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर गंभीर धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए साहिब को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस दूसरे फरार आरोपी की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी निरीक्षक क्षितिज कुमार सिंह का कहना है कि नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। शीघ्र ही फरार आरोपी को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाएगा।

# हरियाणा पुलिस पर नही भरोसा, सीबीआई करे घटना जांच

## यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज के नीचे मिला था कांधला के युवक का शव

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** यमुना ब्रिज के नीचे मृत अवस्था में पाए गए कांधला के युवक विजय के पिता पूरे घटनाक्रम की जांच सीबीआई से कराना चाहते है। सोमवार को परिजनों ने हरियाणा पुलिस के जवानों पर युवक की हत्या करके शव यमुना में फेंकने का आरोप लगाते हुए यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय मार्ग-709एड़ी को जाम कर दिया था। विगत सोमवार को यमुना नदी में एक युवक का शव पड़ा हुआ मिला था, जिसकी पहचान कांधला कस्बे के मोहल्ला शेखजादगान निवासी अजब सिंह के 23 वर्षीय पुत्र विजय के रूप में हुई थी। मामले की सूचना पर मौके पर पहुंचे मृतक युवक के परिजनों ने हरियाणा पुलिस के जवानों पर युवक की हत्या करके शव यमुना में फेंकने का आरोप लगाते हुए यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर पानीपत-खटीमा राष्ट्रीय मार्ग-709एड़ी पर जाम लगा दिया था। बाद में मौके पर पहुंचे यूपी और हरियाणा के पुलिस अधिकारियों के मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किये जाने के आश्वासन पर परिजन शांत हुए थे। कैराना पुलिस ने युवक के शव को पंचायतनामा भरने के पश्चात पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मृतक युवक के भाई अजय ने सनौली पुलिस को घटना की तहरीर दी थी, जिसमें तीन नामजद व दो अज्ञात पुलिसकर्मियों पर युवक की हत्या किए जाने का आरोप लगाया था। वहीं, मृतक युवक के पिता अजब सिंह ने मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरों से मामले की जांच कराना चाहते है। उन्हें हरियाणा पुलिस की जांच पर भरोसा नही है।

**मृतक के पिता ने हरियाणा पुलिस की जांच पर खड़े किए सवाल**

मृतक के पिता अजब सिंह हरियाणा पुलिस की मंशा पर सवाल खड़े कर रहे है। उनका कहना है कि यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर सनौली पुलिस के नाके पर लगे सीसीटीवी कैमरों की स्थिति दुरुस्त नही है। वहां लगे ज्यादातर कैमरे बंद पड़े हुए है। मात्र एक या दो कैमरे ही चालू है। चालू कैमरे में एक युवक को भागते हुए दिखाया गया है, जिसे उनका बेटा विजय बताया जा रहा है। मृतक युवक के पिता का कहना है कि जिस युवक को उनका पुत्र बताया जा रहा है, वह कोई और है। क्योंकि उनके पुत्र ने लोअर व टीशर्ट पहनी हुई थी, जबकि सीसीटीवी फुटेज में दिखाई दे रहा युवक सफेद रंग की शर्ट पहने हुए है।

**कई जगह से टूटी हुई है मृतक युवक की हड्डी**

मृतक युवक के शरीर पर चोट के कई निशान थे। युवक विजय के पिता ने बताया कि पोस्टमार्टम में उनके बेटे के दोनों घुटने, पसलियां व गर्दन की हड्डी टूटी हुई आई है। उसके सिर में भी गहरा जख्म था। उन्होंने हरियाणा पुलिस की बताई जा रही कहानी में झोल नजर आ रहा है।

## पुलिस चौकी से चंद कदमों पर छात्रा से छेड़छाड़

चौसाना। चौसाना पुलिस चौकी से महज 20 मीटर की दूरी पर एक प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही छात्रा के साथ बाइक सवार युवक ने सरेआम छेड़छाड़ कर सुरक्षा व्यवस्था को खुली चुनौती दे डाली। हैरानी की बात यह रही कि पूरी घटना नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, लेकिन आरोपी हेलमेट पहने और बिना नंबर प्लेट की बाइक पर सवार होकर भाग निकला। यह शर्मनाक घटना मंगलवार दोपहर की बताई जा रही है, जब छात्रा मुख्य सड़क से जुड़ी एक गली में खड़ी थी। तभी विपरीत दिशा से आया एक युवक बाइक पर सवार होकर छात्रा के पास रुका और उसके साथ बदसलूकी कर छेड़छाड़ की। विरोध करने पर छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए उसका पीछा भी किया, लेकिन युवक तेज रफ्तार में भाग निकला। छात्रा ने तत्काल परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद मामले की शिकायत पुलिस से की गई। पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंचकर आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली, जिसमें पूरी घटना स्पष्ट रूप से कैद मिली। पुलिस का दावा है कि आरोपी की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

# छेड़छाड़ की शिकायत वापस नहीं लेने पर मारपीट, तीन घायल



**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो कांधला।** थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू में छेड़छाड़ की शिकायत वापस नहीं लेने पर आरोपियों ने एक परिवार के घर में घुसकर महिलाओं सहित पुरुषों के साथ लाठी,डंडों से मारपीट कर दी। मारपीट में दो महिलाएं वह एक पुरुष घायल हो गया।घायलों ने अपना डाक्टरी परीक्षण करने के बाद थाने पर मारपीट के लाइव वीडियो और तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी कुबरा पत्नी यामीन ने बताया कि सोमवार की देर शाम पड़ोसी युवक जुनैद ने उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ करते हुए मारपीट की थी। पीड़ितों के द्वारा आरोपी की शिकायत गंगेरू पुलिस चौकी पर कर दी थी। आरोप है कि मंगलवार सवेरे आरोपियों ने पीड़ित के परिवार पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जब पीड़िता ने शिकायत वापस नहीं ली तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी-डंडों से जमकर मारपीट की। मारपीट में मंताशा, शौकिन,व कौसर, घायल हो गई। पायल पक्ष ने अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद आरोपियों के द्वारा की गई मारपीट का लाइव वीडियो थाने पर उपलब्ध कराते हुए नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में दूसरे पक्ष से महिला नफीसा पत्नी उस्मान ने भी छेड़छाड़ व मारपीट करने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

## संक्षेप समाचार :

### पडौसियों पर घर में घुसकर छेडछाड व मारपीट का आरोप

कांधला। क्षेत्र के गांव गंगेरू निवासी महिला ने अपने पड़ोसियों पर घर में घुसकर बेटी के साथ छेड़छाड़ और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही रही है। गंगेरू निवासी महिला ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि वह किसी कार्य हेतु घर से बाहर गई हुई थी। घर पर पीड़िता की बेटी अकेली थी। आरोप है कि इसी दौरान पड़ोसी युवक घर में घुस आया और पीड़िता की बेटी के साथ छेड़छाड़ की और विरोध करने पर आरोपी ने मारपीट की। आरोप है कि इसके बाद चार लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर पीड़िता के घर में घुस आए और गाली गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर मौके पर भीड़ जमा हो गई। भीड़ को बढ़ता देख आरोपी कार्रवाई करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित ने थाने पर तहरीर देकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### पानी चलाने को लेकर चाचा भतीजे में हुई मारपीट दोनों घायल

कांधला। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली में खेत पर पानी चलाने को लेकर दो भाइयों के बीच मारपीट हो गई मारपीट में दोनों और से लाठी डंडे चले जिसमें चाचा भतीजे गंभीर रूप से घायल हो गए घायलों ने अपना-अपना मेडिकल परीक्षण कराने के बाद थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है। थाना क्षेत्र के गांव खंद्रावली निवासी असलम एवं खालिद दोनों भाई हैं। दोनों भाइयों के मुसतर के खेत हैं और खेत पर ट्यूबवेल भी लगी हुई है। मंगलवार को खेत पर नदीम पुत्र खालिद पानी चलाने के लिए गया था आरोप है कि तभी असलम व उसके पुत्र फैसल ने खालिद को पकड़ लिया और उसके साथ जमकर मारपीट करते हुए उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। दूसरे पक्ष असलम ने भी नदीम व उसके पिता खालिद पर मारपीट कर घायल करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद नदीम को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दोनों पक्षों ने अपना-अपना डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद एक दूसरे के विरुद्ध थाने पर तहरीर दी है पुलिस जांच में जुटी है।

### जलनिगम की पीतल टुंटियों पर किया हाथ साफ

चौसाना। क्षेत्र में इन दिनों चोरों के हौसले इस कदर बुलंद हैं कि अब खेतों और दुकानों को छोड़ सीधे ग्रामीणों के घरों के सामने से सामान उड़ाने लगे हैं। सोमवार की रात्रि को चोरों ने जलनिगम द्वारा लगाए गए पीतल की टुंटियों को ही निशाना बना लिया। चोर गली में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गए हैं, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना से ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।ग्रामीणों मोहित, श्यामलाल, सुभाष, और कर्मवीर निवासी सकौती ने बताया कि जलनिगम ने कुछ माह पूर्व उनके घरों के सामने पानी की सप्लाई के लिए पीतल की टुंटियां लगवाई थीं। सोमवार रात चोर आए और बड़ी सफाई से सभी टुंटियां उखाड़ ले गए। श्यामलाल ने बताया कि चोर इतनी निडरता से आए कि उन्हें घरों के सामने लगे सीसीटीवी कैमरों की भी परवाह नहीं रही। वह टुंटियों को निकालते साफ कैमरे में दिखाई दे रहे हैं।

# पुण्यतिथि पर चौ. अजित सिंह को भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## रालोद जिला कार्यालय पर हवन यज्ञ का आयोजन, अजित सिंह के जीवन पर डाला प्रकाश

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**शामली।** राष्ट्रीय लोकदल के अध्यक्ष व पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर रालोद कार्यकताओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर चौ. अजित सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला गया।
मंगलवार को रालोद जिला कार्यालय पर रालोद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व केन्द्रीय मंत्री स्व. चौधरी अजित सिंह की चौथी पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रालोद क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र चेयरमैन ने चौ. अजित सिंह के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चौधरी साहब ने हमेशा किसानों, पिछडों, दलितों की आवाज उठायी। अपने मंत्रित्वकाल में उन्होंने किसानों के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं लागू की जिनका किसानों को पूरा लाभ मिला। रालोद जिलाध्यक्ष वाजिद



अली ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने हमेशा सभी को एकजुट रहने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयोजित हवन यज्ञ में बडी संख्या में रालोद कार्यकताओं ने आहूति प्रदान कर श्रद्धांजलि अर्पित की तथा रालोद को और ज्यादा मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर रालोद द्वारा सक्रिय सदस्यता अभियान की भी शुरूआत की गयी। इस अवसर पर रालोद विधायक प्रसन्न चौधरी ने बताया कि चौधरी साहब ने जब भी केन्द्र सरकार में कोई दायित्व मिला, उसका देश की जनता की भलाई के लिए कार्य किया। थानाभवन विधायक अशरफ अली खान ने कहा कि चौधरी अजित सिंह ने मंत्री पद पर रहते हुए शुगर मिल की स्थापना करायी। पूर्व विधायक राव अब्दुल वारिस, राजन जावला, ऋषिराज राझड, अरविन्द झाल, उमेश पंवार, मुकेश सैनी, देवानंद गौड, शशि वर्मा, विनोद पंवार, रोहित सैनी, अमन नामदेव, मुबारक अली, संदीप उपाध्याय, सनोज टोडा, रविन्द्र, उमरदीन मंसूरी भी मौजूद थे।

# काधला में मारे गए युवक का हुआ अंतिम संस्कार

## पीड़ित परिजनों ने गृहमंत्री को पत्र भेज कर की सीबीआई जांच की मांग

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** मजदूरी कर घर लौट रहे युवक की हरियाणा पुलिस के द्वारा पीट-पीट कर की गई हत्या के मामले में गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार कर दिया गया। जिससे बाद परिजनों ने मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर कार्यवाही की मांग की है। कस्बा निवासी अजब सिंह कश्यप के दो पुत्र अजय व विजय हरियाणा में शादी समारोह में मजदूरी करने के लिए गए हुए थे। आरोप है कि रविवार की देर शाम जब दोनों भाई वापस आ रहे थे टोल प्लाजा के समीप तीन पुलिसकर्मियों ने अपने दो अन्य साथियों के साथ मिलकर दोनों भाइयों को रोक लिया और उन पर महिला को छेड़छाड़ करने का आरोप लगाते हुए मारपीट की। मृतक के भाई अजय ने बताया कि वह किसी तरह उनके चुंगल से छुटकर आ गया था। पुलिस ने उसके भाई विजय को हिरासत में ले



लिया था। आरोप है कि पुलिस ने रात भर उसके भाई अजय को थर्ड डिग्री देते हुए टॉर्चर किया और उसके साथ जमकर मारपीट की और उसके भाई की मौत हो जाने के बाद उसका शव यमुना नदी के समीप पुल के नीचे फेंक दिया था। सोमवार सवेरे युवक की मौत की जानकारी होने पर परिजन यमुना पुल पर पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया था। सूचना पर हरियाणा व यूपी पुलिस पहुंची और परिजनों को समझा बूझकर कार्रवाई का आश्वासन दिया और शव का पंचनामा भरकर पीएम के लिए भेजा था। सोमवार देर रात्रि पोस्टमार्टम से शव के आने के बाद मंगलवार की सुबह उसका गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया। जिसके बाद मृतक के परिजनों ने मामले में गृह मंत्री अमित शाह, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी, मुख्य सचिव, डीजीपी हरियाणा, मानव अधिकार आयोग के साथ - साथ अन्य उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर मामले में सीबीआई जांच की मांग करते हुए तीनों पुलिसकर्मियों व उनके दोनों साथियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाने की मांग की है। घटना के बाद से मृतक के परिजनों में मातम पसरा है तथा उसके परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# एक दिन की राहत के बाद तापमान में बढोत्तरी, गर्मी ने किया परेशान

**शामली।** रविवार की रात तेज हवाएं चलने व बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिली थी लेकिन मंगलवार को तापमान में बढोत्तरी व तेज धूप ने लोगों को गर्मी का अहसास करा दिया। दोपहर के समय लोग गर्मी से परेशान नजर आए। जानकारी के अनुसार दो दिन से मौसम खुशगवार बना हुआ था, धूप की तपिश भी कम रहने से लोगों को गर्मी से राहत मिली हुई थी लेकिन मंगलवार की सुबह से ही तेज धूप निकलने से तापमान में बढोत्तरी दिखाई दी। दोपहर के समय चिलचिलाती धूप ने लोगों के पसीने निकाल दिए। बाजारों में लोगों को सिर व मुंह ढककर निकलना पडा। वहीं बाजारों में भी चहल पहल कम नजर आयी। शाम के समय ही लोग बाजारों में खरीददारी करने निकले।

# हिन्द आर्मी संगठन लड रहा पश्चिमांचल को अलग राज्य बनाने की लडाई

## कांधला कालेज में हिन्द आर्मी संगठन की प्रेसवार्ता में म्हारा पश्चिमांचल पुस्तक का विमोचन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कांधला।** कांधला कॉलेज कांधला में हिन्द आर्मी संगठन द्वारा एक प्रेस वार्ता के बीच पश्चिमांचल पर आधारित पहली पुस्तक ष्म्हारा पश्चिमांचलष (दिल्ली व लखनऊ से संघर्ष) का विमोचन किया गया। हिन्द आर्मी के संस्थापक नितिन कुमार ने बताया कि
पुस्तक उत्तर प्रदेश के द्वारा पश्चिम उत्तर प्रदेश के साथ की गई भेदभाव की पोल खोलती है। यह पुस्तक बताती है कि किस प्रकार उत्तर प्रदेश ने पश्चिमांचल के साथ न्याय शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार वे सांस्कृतिक रूप से भेदभाव किया है। पश्चिमांचल की भाषा व संस्कृति को आज तक भी प्रदेश की सरकारों ने कोई भी महत्व नहीं दिया। हिंद आर्मी संगठन 2 साल से लगातार यह लड़ाई लड़ रहा है कि पश्चिमांचल को एक अलग राज्य का दर्जा दिया जाए। हिन्द आर्मी




संगठन के संस्थापक नितिन स्वामी ने कहा है कि हमारे पास अनगिनत आधार है एक प्रदेश के विभाजन के लिए। एक छोटा प्रदेश बहुत जल्दी तरक्की करता है और जिस प्रकार आज तक उत्तर प्रदेश की सरकार व केंद्र सरकार ने पश्चिमांचल को नकारने का काम किया है इस प्रकार से यहां की संस्कृति का पतन हो रहा है। हमारा सरकार से एक प्रश्न है तथा पश्चिमांचल की जनता से भी एक ही प्रश्न है कि आजादी के 78 वर्षों के बाद भी पश्चिमी उत्तर प्रदेश को विश्व की सबसे महंगी न्याय व्यवस्था क्यों मिली हमें कितने केंद्रीय विश्वविद्यालय मिले? हमें कितने शिक्षण संस्थान मिले? हमें कितने स्वास्थ्य संस्थान मिले?हमें कितने खेल स्टेडियम मिले? हमारी भाषा व संस्कृति को कितना महत्व प्रदेश की सरकारों ने पाठ्यक्रमों में दिया तथा सबसे बड़ा प्रश्न यह है की सभी बड़े-बड़े सरकारी कार्यालय पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जन से दूर है। हमारे अधिवक्ता 50 वर्षों से हाई कोर्ट की बेंच के लिए लड़ाई लड़ रही है लेकिन उन्हें कोई भी परिणाम आज तक नहीं मिला। पश्चिमांचल की लड़ाई प्रशासनिक व राजनीतिक हिस्सेदारी की भी लड़ाई है। पश्चिमांचल को आज तक केवल और केवल दंगे मिले यहां के युवाओं पर मुकदमे मिले है। यह पुस्तक इस बात का व्याख्यान करती है कि किस प्रकार आजादी से लेकर अब तक उत्तर प्रदेश में पश्चिमी उत्तर प्रदेश के साथ शिक्षा,स्वास्थ्य, न्याय, रोजगार व सांस्कृतिक रूप से भेदभाव किया है। इस अवसर पर संगठन के सचिव पवन शर्मा, जिलाध्यक्ष मनीष शर्मा, कुलदीप चौहान, सविता लोचन, नरेंद्र हेकडे, अली मुखिया, रोहन भारती, मोहित कुमार उपस्थित रहे!!

**समस्याओं के समाधान की मांग**

शामली। मंगलवार को समिति के एक प्रतिनिधिमंडल ने डीएम से मुलाकात कर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि शामली-अम्बाला, दिल्ली-देहरादून इकोनामिक कोरीडोर में शामली जनपद के किसानों की आर्बिट्रेशन की फाइल कई सालों से लंबित है, इनका जल्द से जल्द निस्तारण कराया जाए, साथ ही दिल्ली-देहरादून इकोनामी कोरीडोर में सर्विस रोड व कनेक्टिंग रोड का कार्य जल्द कराने की मांग की है। इस मौके पर विदेश मलिक, चौधरी विजेन्द्र सिंह, संजीव, सतेन्द्र, विजयपाल, चंद्रशेखर मौजूद थे।

**आवश्यकता है**

दैनिक नेशनल प्रेस टाइम्स में शामली थानाभवन जलालाबाद झिंझाना बिडौली ऊन चौसाना बाबरी गढ़ी पुख्ता एलम बनत आदि स्टेशनों पर रिपोर्टरो की आवश्यकता है
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें
**आदिल राणा**
जिला प्रभारी शामली
91-9082190000,
91-9997173786

# चौसाना पीएनबी मे अधिकारियों के स्थानांतरण से उपभोक्ता परेशान

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**चौसाना।** पीएनबी चौसाना में मंगलवार की सुबह को उपभोक्ताओं को भारी समस्या का सामना करना पडा। दरअसल बैंक के करीब 4-5 अधिकारियों व कर्मचारियों को एकदम से स्थानांतरण हो गया। जिसके बाद बैंक मे एक कर्मचारी बचा।स्थानांतरण होकर आये अधिकारियों ने चार्ज नही लिया,जिस वजह से बैंक मे उपभोक्ताओं को बिना वित्तीय सुविधाओं को प्राप्त किए बिना वापस लौटना पडा।



चौसाना के मुख्य बाजार स्थित पंजाब नैशनल बैंक में प्रबंधक सहित करीब 4-5 अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया और उनके स्थान पर नये अधिकारियों को नियुक्त किया गया। मंगलवार को बैंक मे एक ही कर्मचारी पहुँचा तो उपभोक्ताओं को वित्तीय लेनदेन नही हो सका। बताया गया है कि जिन अधिकारियों को नियुक्त किया गया है,उनके आईडी पासवर्ड नही बन सके। जिस कारण अधिकारी काम नही कर सकें। अधिकारियों के काम नही करने के कारण अपने रोजमर्रा के काम को बैंक पहुँचें सामान्य उपभोक्ताओं व व्यापारी वर्ग को काफी समस्या से दो चार होना पडा। जिस वजह से बैंक मे भीड लगी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि बैंक अधिकारियों ने समस्या के सम्बंध मे कोई सूचना भी प्रदर्शित नही की,जिससे ग्राहको को पता चल सके।

# सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलिज में आध्यात्मिक सत्र का आयोजन

**नेशनल प्रेस टाइम्स ब्यूरो**
**कैराना।** मंगलवार को कस्बे के लाला नरसिंह दास सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आध्यात्मिक सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें इस्कॉन धर्म क्षेत्र कुरुक्षेत्र से सत्यपति दास प्रभु अपने प्रमुख गौर प्रभु, ओम कृष्ण प्रभु एवं अन्य कृष्ण भक्तों के साथ में पहुंचे। जहां पर विद्यालय प्रधानाचार्य राजीव कुमार ने उनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की तस्वीर के सम्मुख दीपक प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया हुआ। इस दौरान सत्यपति प्रभु ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को इस्कॉन संस्था का परिचय देते हुए धर्म के विषय में बताया। उन्होंने बताया कि बिना धर्म के आचरण के मनुष्य पशु के समान है। केवल धर्म ही मनुष्य और पशु के मध्य भेद पैदा करता है। अतः हमें अपने धर्म का आचरण करते हुए कर्तव्य पालन की ओर ध्यान देना चाहिए। आध्यात्मिक ज्ञान की इस वेला में कृष्ण भक्त राजीव वर्मा, अतुल वर्मा, रोहित वर्मा, शेखर, देवेंद्र, कार्तिकेश, सचिन, पायल, पूजा एवं अनुपमा शामिल रहे। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा।

# संविधान बचाओ रैली में विधायक निशात आलम समेत कई दिग्गजों ने की शिरकत, कांग्रेसी रहे उत्साहित

**एनपीटी**

झारखण्ड के राजधानी रांची स्थित पुरानी विधानसभा मैदान में कांग्रेस द्वारा आयोजित संविधान बचाओ कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने उपस्थित कांग्रेसियों जोश भरा। उन्होंने जहां हेमन्त सरकार की प्रशंसा की। वही मोदी सरकार पर हमलावर रहे। खड़गे ने पहल हमले को लेकर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने केन्द्र सरकार पर हमले बोलते हुए कहा कि आज जातीय जनगणना की सरकार ने घोषणा की जो कांग्रेस की जीत है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी सर्वदा जातीय जनगणना की बात करने की बातें कही है। उन्होंने कांग्रेसी कार्यकताओं ने जोश भरते हुए कहा कि यह आपका जीत है। उन्होंने सम्बोधित करते हुए कहा कि पार्टी नहीं है तो नेता/मंत्री/ मुख्यमंत्री/



केन्द्रीय मंत्री भी नहीं है। क्योंकि आपके वजह से पार्टी मजबूत है और फिर नेता, मंत्री अन्य बनते हैं। खचाखच भरे कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए हर एक वक्ताओं ने केन्द्र सरकार की की विफलताओं को प्रकट की। साथ ही कांग्रेस की देश के प्रति समर्पण को भी राजीव गांधी, इन्दिरा गांधी की पेशकश की। वही तनवीर आलम ने कहा कि राहुल गांधी अबतक जो भी टिप्पणी जनहितार्थ में की आज केन्द्र सरकार भी जातीय जनगणना करना में तैयार है। राहुल गांधी की कई अहम मुद्दे आज सच साबित हो रही है। जिसे देश देख रहा है।

तनवीर आलम ने कहा कि आज प्रदेश के अलग-अलग प्रांतों से संविधान बचाओ रैली को सफल बनाने हेतु उपस्थित हुए हैं। साथ ही पाकुड़ - साहेबगंज से भी काफी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता एकजुट होकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित किया है। वही पाकुड़ से जिलाध्यक्ष श्रीकुमार सरकार, प्रखण्ड अध्यक्ष मानसारुल हक, शाहीन परवेज, पियारुल इस्लाम, नसीम आलम, देबू विश्वास, मुजीबुर्रहमान, आताउर रहमान, फेकारुल शेख, अकिउर रहमान, अन्य समेत साहेबगंज जिले के जिलाध्यक्ष बरकतुल्लाह खान, साकील अहमद, सैफ शेख अन्य समेत काफी संख्या में कांग्रेसी शामिल हुए।

# धनबाद बारामुडी. की युवती को ले भगा पुटकी का तीन बच्चे का बाप

**एनपीटी ब्यूरो**

धनबाद (झा०खं०), धनबाद के बारामुडी. से शादीशुदा तीन बच्चों के पिता द्वारा 19 साल की बाला को भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। दोनों अलग-अलग समुदाय से बताये जा रहे है। घटना को लेकर क्षेत्र में तनाव देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार धनबाद जिला के हद में बारामुड़ी की रहने वाली युवती को पुटकी निवासी आरिफ द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाया गया है। जिसको लेकर संगठनों द्वारा विरोध किया जा रहा है। युवती की बरामदगी को लेकर परिजन थाना प्रभारी से मिले और लव जिहाद का आरोप लगाया गया है। जानकारी के अनुसार धनबाद थाना के बैरामुड़ी में लव जिहाद का मामला सामने आया है, जिसको लेकर धनबाद थाना में विहिप व बजरंग दल के नेताओं ने विरोध जताया और युवती को बरामद करने की मांग थाना प्रभारी से की है। थाना प्रभारी ने युवती को बरामद करने का आश्वासन दिया है। मामला दूसरे समुदाय से जुड़ा है। लापता युवती की मां ने धनबाद थाना में आवेदन दिया है। जिसमें कहा गया है कि उसकी 19 साल की बेटी को पुटकी रहिवासी आरिफ हुसैन उर्फ आरिफ खान भगाकर ले गया है। शिकायत में कहा है कि बहकावे में आकर मेरी बेटी घर से 50 हजार रुपए नगद और दो लाख के गहने लेकर निकली है।

# प्रखण्ड में लगे कई जलमीनार खराब, ग्रामीणों को पेयजल की चिंता

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०). लातेहार जिला अंतर्गत बारियातू प्रखंड क्षेत्र में नल-जल योजना के तहत लगाए गए सौ से अधिक जलमीनारों में से ज्यादातर जलमीनारें खराब पड़ी हैं। गर्मी शुरू होते ही लोगों को पेयजल की किल्लत सताने लगी है। कहीं सोलर प्लेट चोरी हो गई है, तो कहीं मोटर और स्टार्टर खराब होने से जलमीनार बेकार हो गया है। करोड़ों रुपये खर्च कर लगे जलमीनार लोगों की प्यास नहीं बुझा पा रहे हैं। पीएचइडी विभाग बना है मूकदर्शक ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत पीएचइडी विभाग से की, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई है। विभाग के अधिकारी सिर्फ आश्वासन देते हैं, जबकि गांव के लोग पानी के लिए परेशान हैं। सबसे ज्यादा परेशानी इन इलाकों में बालूभांग, फुलसू साल्वे, शिबला समेत कई पंचायतों के सुदूरवर्ती गांवों



में हालात और भी बदतर हैं। यहां लोगों को दो से तीन किलोमीटर दूर से पानी लाना पड़ रहा है। महिलाएं और बच्चे दिन भर पानी के जुगाड़ में लगे रहते हैं। ग्रामीणों ने उपायुक्त से की गुहार ग्रामीणों ने उपायुक्त से मांग की है कि खराब जलमीनारों की शीघ्र मरम्मत कराई जाए और जलापूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए। उनका कहना है कि अगर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन किया जायेगा।

# प्रखण्ड समन्वयक पंचायत राज स्वशासन परिषद की हुई बैठक

**एनपीटी ब्यूरो**



पाकुड़ प्रखण्ड सभागार में प्रखण्ड समन्वयक, पंचायत राज स्वशासन परिषद आनंद प्रकाश की अध्यक्षता में मंगलवार को पंचायत सचिव व सहायकों के साथ समीक्षात्मक बैठक किया। बैठक में प्रखण्ड समन्वयक ने पंचायत सहायकों को निर्देश दिया गया कि वे पंचायत सचिवालय में नियमित रूप से उपस्थित होकर मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन प अन्य कल्याणकारी योजनाओं में लाभुकों के आवेदन प्राप्त करें और उसे सिस्टम में सही ढंग से दर्ज करें। जिन पंचायतों में एक से अधिक सहायक कार्यरत हैं, उन्हें रोस्टर के अनुसार पंचायत भवन में ड्यूटी करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा गया कि उन्हें समय- समय पर वरीय पदाधिकारियों द्वारा दिए गए निदेर्शों का अनुपालन भी अवश्य सुनिश्चित करे। बैठक में जनप्रतिनिधि, पंचायत सचिव और सहायकों के बीच सामंजस्यपूर्ण कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई ताकि सभी योजनाओं का लाभ ग्रामीणों तक समय पर पहुंच सके।

# अनुकम्पा समिति की बैठक में चतुर्थवर्गीय की पद बहाली हेतु की गई अनुशंसा



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला अनुकंपा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त मनीष कुमार ने की। बैठक में रोहित हाजरा को चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्त करने का लिया गया एवं प्रदीप कुमार चौबे, स्वास्थ्य विभाग अन्तर्गत चतुर्थवर्गीय पद पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए, अपर समाहर्ता, जिला स्थापना उप समाहर्ता एवं कोषागार पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत 10 को, तैयारी तेज

**नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो**

गोड्डा : झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश के आलोक में आगामी 10 मई 2025 को जिला व्यवहार न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसकी सफलता को लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष सह प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार व सचिव दीपक कुमार के निर्देश पर विभिन्न पंचायतों में जागरुकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वहीं मामले के निष्पादन को लेकर नोटिस बनाने, विभिन्न सरकारी विभागों, न्यायिक व अधिवक्ता संघ के अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करने का सिलसिला जारी है।



प्राधिकरण के सचिव दीपक कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक लोगों को लाभ सुनिश्चित हो इसके लिए सभी पक्षों को नोटिस भेजने की प्रक्रिया डालसा की ओर से शुरू है। संबंधित विभाग की ओर से भी इसमें शीघ्रता करने की जरूरत है। जरूरत के अनुसार समय के पूर्व भी समझौता को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खासकर बैंक, बिजली, एक्साइज, सर्टिफिकेट व पुराने लंबित मामले के निष्पादन की दिशाा में व्यापक प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। लोक अदालत के माध्यम से जिले के अभिवंचितों व आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को लाभ सुनिश्चित कराया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता को लेकर विभिन्न प्रखंडों व पंचायत स्तर पर अधिकार मित्र सह पीएलवी अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। मामले के त्वरित निष्पादन को लेकर डालसा की ओर से अलग- अलग न्यायिक बेंच का गठन किया जा रहा है।

# जिप उपाध्यक्ष ने बस स्टैंड में भवन व पीसीसी निर्माण कार्य का किया उद्घाटन

**एनपीटी ब्यूरो**

लातेहार (झा०खं०).लातेहार जिला अन्तर्गत बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित न्यू बस स्टैंड में मंगलवार को पीसीसी फर्श निर्माण कार्य एवं 11 नए दुकान निर्माण कार्य का उद्घाटन जिला परिषद अनीता देवी ने शिलापट्ट का अनावरण व नारियल फोड़कर किया ।पंडित दीपक मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजन कार्य संपन्न कराया ।मौके पर जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी ने बताया कि बस स्टैंड में नया दुकान का निर्माण हो जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार का



साधन मिलेगा । वहीं पीसीसी फर्श का निर्माण हो जाने से बस स्टैंड में साफ सफाई रहेगी ।करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाले इस निर्माण कार्य को लेकर उन्होंने संवेदक को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने की बात कही । उन्होंने कहा कि यह सिर्फ विकास योजना नहीं बल्कि लोगों की सामूहिक आकांक्षाओं और उम्मीदों का प्रतीक है ।सभी लोगों का कर्तव्य है कि इस कार्य में सहयोग करें।

# जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर उपायुक्त ने की सुनवाई



**एनपीटी ब्यूरो**

पाकुड़ (झा०खं०), बीते मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। उपायुक्त ने सम्बन्धित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित, सड़क निर्माण से संबंधित, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित एवं अबुआ आवास से संबंधित आदि से आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त आवेदनों पर संज्ञान लिया, सम्बन्धित पदाधिकारियों को निष्पादन का जरूरी जरूरी निर्देश दिया।

# प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत लाभार्थी को मिला दो लाख का चेक



**नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो**

गोड्डा ; झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक, सरौनी शाखा में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत दिवंगत बीमा धारक दीपावली देवी के नामिनी को 2 लाख रुपये का चेक प्रदान किया गया। यह चेक क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार द्वारा स्व० दीपावली देवी के पुत्र बाबुल कुमार मोदी को सौंपा गया। गौरतलब हो कि दिवंगत दीपावली देवी ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के अंतर्गत बीमा कराया था। उनके आकस्मिक निधन के पश्चात, बैंक द्वारा सभी औपचारिकताएं पूर्ण कर उनके नामिनी को बीमा राशि का भुगतान किया गया।

इस अवसर पर शाखा प्रबंधक निवेदिता कुमारी, बैंक अधिकारी मिथिलेश कुमार, कुमार सूरज, कार्यालय सहायक दयानंद कुमार, बैजू मांझी समेत कई ग्राहक और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। क्षेत्रीय प्रबंधक आशीष कुमार ने कहा कि यह योजना आम जनता के लिए बेहद लाभकारी है और कम प्रीमियम में जीवन सुरक्षा प्रदान करती है। उन्होंने लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में इस योजना से जुड़ें और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करें।

# सभी पुराने, जीर्ण-शीर्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का होगा कायाकल्प, कंडम घोषित भवन होंगे ध्वस्त

रांची । झारखंड के सभी पुराने और जीर्ण-शीर्ण मेडिकल कॉलेज और अस्पताल भवनों का कायाकल्प होगा। अपर मुख्य सचिव ने रिम्स समेत सभी मेडिकल कॉलेज और सिविल सर्जन को निर्देश दिए हैं।

राजधानी रांची के प्रसिद्ध चिकित्सा महाविद्यालय रिम्स के साथ राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों के पुराने और जीर्ण भवनों का कायाकल्प होगा। कंडम घोषित भवन ध्वस्त होंगे और जिन भवनों में मरम्मती की जरूरत होगी, उनकी मरम्मती की जाएगी। अजय कुमार सिंह, अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने इस संबंध में रिम्स के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को तीन दिन में कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

पत्र के माध्यम से अपर मुख्य सचिव ने रिम्स




के साथ-साथ सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों को निर्देश देते हुए कहा है कि जमशेदपुर जैसी घटना की पुनरावृत्ति नहीं हो, इसके लिए भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता के साथ भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन बिल्कुल क्षतिग्रस्त हैं और कंडम घोषित करने के सभी मानदंडों को पूरा करते हैं, उन्हें कंडम घोषित करते हुए ध्वस्त करने की कार्रवाई की जाए। यदि क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती की आवश्यकता हो तो उसकी मरम्मती की जाए। इसके लिए कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग से प्राक्कलन तैयार कराते हुए मरम्मति की कार्रवाई की जाय।

क्षतिग्रस्त भवनों की मरम्मती विभिन्न योजनाओं, जैसे मुख्यमंत्री चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल प्रबंधन तथा अनुरक्षण योजना और विभिन्न स्वास्थ्य बीमा योजनाओं के तहत प्राप्त क्लेम की राशि से की जा सकती है। इस निमित्त यदि अतिरिक्त राशि की आवश्यकता हो तो विभाग से इसकी मांग की जाय। अपर मुख्य सचिव ने तीन दिनों के अंदर उक्त निर्देश का अनुपालन करते हुए विभाग को प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया है।

# गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने फुले फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए प्रधानमंत्री के नाम एडीएम सिटी को सौंपा ज्ञापन

## जीपीए ने प्रदेश के मुख्यमंत्री से की अपील शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालने वाली फिल्म फुले हो टैक्स फ्री

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। गाजियाबाद पेरेंट्स एसोसिएशन ने आज शिक्षा के महत्वपूर्ण विषय पर बनी फिल्म फुले को टैक्स फ्री करने के लिए देश के प्रधानमंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम जिले के एडीएम सिटी गम्भीर सिंह को ज्ञापन सौंपा आधारित है यहां आपको बताना जरूरी है कि सावित्रीबाई फुले ने लड़कियों और समाज के बहिष्कृत हिस्सों के लोगो को शिक्षा प्रदान करने में अग्रणी भूमिका निभाई वह सन 1848 मे भारत की पहली अध्यापिका बनी और उन्होंने अपने पति ज्योतिराव फुले के साथ मिलकर लड़कियों के लिए विद्यालय खोला इसके बाद इन्होंने 1864 में बेसहारा स्त्रियों के लिए एक आश्रय स्थल की स्थापना की और सभी वर्गों की



समानता के लिए संघर्ष करने वाले ज्योतिराव फुले के धर्मसुधारक संस्थान सत्यशोधक समाज का विकास करने में अहम भूमिका निभाई सावित्रीबाई फुले के जीवन को भारत में स्त्रियों के अधिकारों का प्रकाश स्तंभ माना के साथ भारतीय नारी आंदोलन की जननी के रूप में भी जाना जाता है भारत के नारीवाद आंदोलन की जननी सावित्रीबाई फुले को जाति और लिंग के आधार पर लोगों के साथ भेदभाव और अनुचित व्यवहार को समाप्त करने के लिए भी अतुल्य प्रयास किए फुले फिल्म के माध्यम से सावित्रीबाई फुले और ज्योतिराव फुले द्वारा भारत में लड़कियों के लिए शिक्षा के विद्यालय स्थापित करने एवं समाज में व्याप्त अनेकों कुरीतियों को समाप्त करने के संघर्ष को दिखाया गया है साथ ही फिल्म के माध्यम से शिक्षा के महत्व को भी समझाया गया है इसलिए गाजियाबाद पेरेंट्स ने देश के प्रधानमंत्री और प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम एडीएम सिंह को ज्ञापन देते हुए अनुरोध किया गया है कि फुले फिल्म को टैक्स फ्री करने के लिए प्रयास किए जाए जिससे कि इस फिल्म को अधिक से अधिक दर्शकों एवं अभिभावकों तक पहुंचने में मदद मिल सके और इसके संदेश को व्यापक रूप से प्रसारित किया जा सकेगा।

एडीएम सिटी गम्भीर सिंह ने जीपीए को आश्वस्त किया है कि वो शासन को पत्र लिख फुले फिल्म को टैक्स फ्री कराने के लिए भरकस प्रयास करेंगे । इस मौके पर अनिल सिंह , राहुल कुमार , धर्मेंद्र सिंह, मीनू सिंह , ज्योति भाटी , राजू सैफी, नरेश कुमार , पूजा सिंह , जया , दीपाली पाल, अनीता पाल, मोहित मावी , रिजवान आदि मौजूद रहे।

# दिल्ली विश्वविद्यालय स्टाफ क्लब द्वारा टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट

एनपीटी ब्यूरो

नई दिल्ली-विश्वविद्यालय टी 20 क्रिकेट टूनार्मेंट का आयोजन किया गया। इस 12 विभिन्न कॉलेजों और विभागों की टीमों ने भाग लिया।टूनार्मेंट यूनिवर्सिटी के तीन विभिन्न कॉलेजों के क्रिकेट ग्राउंड में आयोजित किया गया।

टूनार्मेंट में दिल्ली विश्वविद्यालय स्टाफ क्लब की टीम ने दिल्ली यूनिवर्सिटी प्रेस क को हराकर टूनार्मेंट जीता। प्रेस कने पहले खेलते हुए 127 रन बनाए, जिसे स्टाफ क्लब ने तीन विकेट के नुकसान पर आसानी से



विजय प्राप्त की।

स्टाफ क्लब के कप्तान रविंदर सिंह को उनके ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। अनिल चिल्लर को बेस्ट बल्लेबाज और सत्य प्रकाश को बेस्ट गेंदबाज का पुरस्कार मिला। इसके अलावा, प्रेस क के एमेश सूर्य को प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार दिया गया। दिल्ली विश्वविद्यालय कर्मचारी यूनियन के प्रधान देवेंद्र शर्मा ने कहा कि हम खिलाड़ियों को इसी तरह से प्रोत्साहित करते रहेंगे और सभी फिट रहें। महासचिव रविंद्र पांडे, उप प्रधान धर्मेंद्र तिवारी, प्रचार सचिव अवधेश कुमार, ने रविंद्र सिंह रावत दिल्ली यूनिवर्सिटी स्टाफ क्लब के कप्तान को ट्राफी प्रदान की।

# ट्रेफिक नियमों के अनुपालन में संभागीय प्रवर्तन विभाग का चला चाबुक

एनपीटी ब्यूरो



गाजियाबाद। गाजियाबाद सहित नोएडा, ग्रेटर नोएडा में अवैध ऑटो और ई रिक्शा के संचालन पर एवम बिना हेलमेट के दुपहिया वाहन को चलाने वाले पर संभागीय प्रवर्तन विभाग के अधिकारी के डी सिंह के द्वारा अपनी टीम के साथ रॉन्ग साइड वाहन चलाने की शिकायतों के दृष्टिगत आज प्रवर्तन गाजियाबाद के पर्यवेक्षण में नोएडा की प्रवर्तन टीमों के साथ एक सघन प्रवर्तन अभियान चलाया गया। जिसमें सह संभागीय प्रवर्तन अधिकारी अभिषेक कन्नौजिया तथा यात्री कर अधिकारी राजेश मोहन को साथ लेकर प्रवर्तन टीमों का इस अभियान में बिना हेलमेट के 70 , रॉन्ग साइड चलने वालो के 12 और अनधिकृत ऑटो रिक्शा के 07 चालान किए गए। के डी सिंह गौर के द्वारा बताया गया कि यह अभियान 10 मई तक निरंतर चलेगा। इस अभियान में गाजियाबाद और नोएडा के प्रवर्तन अधिकारी/कर्मचारी मिलकर कार्य करेंगे।

# डीसी ने शिक्षा विभाग के साथ बैठक कर सीईओ को दिए आवश्यक दिशा -निर्देश



नेशनल प्रेस टाईम्स ब्यूरो

गोड्डा : जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त जिशान कमर की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त के द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय में कार्यरत पूर्णकालिक एवं अंशकालिक शिक्षकों के मानदेय वृद्धि करने, गैर सरकारी सहायता प्राप्त मदरसों में रिक्त पदों को भरने, जिले के उत्क्रमित उच्च विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों के वेतन निकासी हेतु प्रखंड स्तरीय निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी को विद्यालयों से सम्बद्ध करने हेतु जिला शिक्षा अधीक्षक को आवश्यक दिशा -निर्देश दिए गए। मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक कुमार सहित कार्यालय कर्मीगण मौजूद रहे।

# आईसीएसई बोर्ड 12वीं की परीक्षा में ऋषभ कुमार ने मारी बाजी

## 96.25 % अंक हासिल करके गाजियाबाद का नाम रोशन किया

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। थाना कवि नगर क्षेत्र स्थित विवेकानंद नगर वार्ड 65 के निवासी ऋषभ कुमार ने आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में 96.25 % अंक हासिल करके शहर का नाम रोशन किया।

ऋषभ कुमार ने गाजियाबाद के सेंट कॉन्वेंट स्कूल की विद्यार्थी थे और वहीं से उन्होंने अपनी पढ़ाई की। ऋषभ कुमार ने अपने स्कूल में टॉप किया है। उक्त सूचना जैसे ही परिवार वालों को मिली



उनके परिवार वालों की खुशी का ठिकाना ना रहा और उनके घर पर रिश्तेदारों एवं पड़ोसी आदि का बधाई देने के लिए तांता लगा हुआ है उनका परिवार और उनके मित्र सभी बहुत खुश है ।

इस अवसर पर मनोज नागर, विपिन कसाना, पंडित , उमेश चौधरी और अन्य सभी ने बहुत-बहुत शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी यूनियन ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

एनपीटी ब्यूरो



नई दिल्ली। दिल्ली यूनिवर्सिटी कर्मचारी यूनियन ने मुख्यमंत्री को 12 पूर्ण रूप से वित्त पोषित कॉलेजों के कर्मचारियों को पिछले दो माह से वेतन न मिलने के संबंध में लिखे हैं। अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि हम कोरोना काल से लगातार पत्र दिल्ली सरकार को लिख रहे है लेकिन वित्त की समस्या का समाधान पूर्व की सरकार ने नहीं किया। जो कर्मचारी वर्षों पहले कॉलेज की सेवा से सेवानिवृत हो गए है उनके सेवानिवृत लाभ अभी तक नहीं दिए गए है। जिससे कर्मचारियों बहुत रोष है। वर्तमान सरकार ने हमारे पत्रों पर संज्ञान ले कर फंड जारी किया है। महासचिव रवींद्र पांडे ने माननीय मुख्यमंत्री दिल्ली के माननीय शिक्षा मंत्री का धन्यवाद करते हुए उम्मीद ही कि आगे भविष्य में इस तरह की वित्त की कोई दिक्कत कलिजों मे नहीं होगी और इसके अलावा कर्मचारियों और शिक्षकों के वर्षो से खाली पड़े रिक्त पदों को भी अविलंब भरा जाएगा।

# रात आठ बजते ही पांच मिनट के लिए बंद कर लें लाइट, जानें ब्लैक आउट के समय क्या करें

गाजियाबाद । बुधवार को सिविल डिफेंस कार्यकताओं और जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में मॉक ड्रिल की तैयारियों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित उपकरणों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चिकित्सकों की टीम के साथ एंबुलेंस तैयार करने के भी निर्देश दिए।

गृह मंत्रालय के निर्देश पर बुधवार को जिले में एक काल्पनिक वृहद मॉक ड्रिल कराई जाएगी। आपातकाल की स्थिति में काल्पनिक हवाई हमले बचाव के लिए जिले के 10 स्कूलों और चार सोसायटियों को चिह्नित किया गया है। 10 स्कूलों के लगभग 20 हजार बच्चों को प्रशिक्षित किया जाएगा। इनमें एक हजार से अधिक सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता शामिल रहेंगे। इसके अलावा जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी से रात आठ बजे सभी अपने-अपने घरों, प्रतिष्ठानों और वाहनों की लाइट पांच मिनट के लिए बंद करने की अपील की है।

बुधवार को सिविल डिफेंस कार्यकताओं और जिलाधिकारी के साथ हुई बैठक में मॉक ड्रिल की तैयारियों की रूपरेखा बनाई गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी संबंधित उपकरणों को क्रियाशील रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही चिकित्सकों की टीम के साथ एंबुलेंस तैयार करने के भी निर्देश दिए। सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने बताया कि चयनित स्कूलों के छात्र-छात्राओं और एनसीसी कैडेट्स को सुबह 10:00 बजे आपदा से बचाव की जानकारी, सायरन और ब्लैकआउट की जानकारी, आपदा के समय सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार और सामूहिक सहयोग के कौशल सिखाए जाएंगे। वहीं सोसाइटी निवासियों को आपदा की स्थिति में परिवार और पड़ोसियों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करें इसकी जानकारी दी जाएगी। एमबी गर्ल्स इंटर कालेज में सुबह 10:00 मॉक ड्रिल और शाम को एनएच-24 स्थित लैंडक्राफ्ट सोसायटी में ब्लैकआउट किया जाएगा। इस दौरान जिलाधिकारी, सिविल डिफेंस के कार्यकर्ता, अग्निशमन विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# एमआईटी में निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

## मेदांता हॉस्पिटल का सहयोग, 100 से अधिक फैकल्टी व स्टाफ ने कराई जांच




एनपीटी ब्यूरो

मेरठ। परतापुर बाईपास स्थित मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) में मंगलवार को मेदांता हॉस्पिटल, गुरुग्राम के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ निदेशक डॉ. केएलए खान, प्रिंसिपल डॉ. हिमांशु शर्मा, फार्मेसी प्राचार्य डॉ. नीरज कांत शर्मा, डीन एकेडमिक डॉ. गौरव शर्मा, कैंप समन्वयक अजय चौधरी एवं मेदांता हॉस्पिटल के वरिष्ठ मार्केटिंग मैनेजर अनिमेष कुमार ने संयुक्त रूप से किया।

इस दौरान मेदांता हॉस्पिटल की वरिष्ठ कार्डियोलॉजी कंसल्टेंट डॉ. महजूबा आर. मजूमदार की निगरानी में 100 से अधिक फैकल्टी सदस्यों व कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच की गई। जांच में ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, बॉडी मास इंडेक्स, फेफड़ों की क्षमता, ईसीजी और बोन मिनरल डेंसिटी शामिल थीं।

सभी प्रतिभागियों को विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा निःशुल्क परामर्श भी प्रदान किया गया। कैंप के समन्वयक अजय चौधरी ने बताया कि इसका उद्देश्य संस्थान के कर्मचारियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और प्रारंभिक स्तर पर संभावित बीमारियों की पहचान करना है।

शिविर के सफल आयोजन में सोनल अहलावत, रितिमा, जॉनी पवार, पीके गौतम, अखिल गौतम, सुमित कुमार एवं मुकेश सहित कई कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया

एनपीटी ब्यूरो

गाजियाबाद। गेस्ट लेक्चरः डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के जरिए स्टार्टअप संचालन में नवाचार सुंदरदीप इंजीनियरिंग कॉलेज में BCA एवं B.Tech (CSE/IT) के छात्रों के लिए एक प्रेरणादायक गेस्ट लेक्चर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को डिजिटल युग में स्टार्टअप्स के संचालन और प्रबंधन में आ रहे बदलावों से अवगत कराना था।

माननीय वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा, इस प्रकार के अकादमिक व्याख्यान छात्रों के ज्ञान को व्यावसायिक दृष्टिकोण से जोड़ने में सहायक होते हैं। डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे विषय छात्रों को उद्योग-उन्मुख बनाते हैं। चेयरमैन श्री महेन्द्र अग्रवाल, वाइस चेयरमैन श्री अखिल अग्रवाल एवं प्रो-चेयरमैन श्री



नितिन अग्रवाल के दूरदर्शी मार्गदर्शन एवं प्रेरणा के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिनके सहयोग से ऐसे कार्यक्रम निरंतर आयोजित किए जा रहे हैं।

इंजीनियरिंग संकाय के निदेशक प्रो. (डॉ.) हरीश कुमार तलुजा ने कहा, डिजिटल युग में तकनीकी नवाचार और व्यावसायिक समझ का समन्वय छात्रों को एक बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर करता है।? माननीय प्रो-वाइस चांसलर श्री पीयूष श्रीवास्तव और रजिस्ट्रार डॉ. राजीव रतन ने भी छात्रों को निरंतर सीखने और अनुसंधान की संस्कृति अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती पल्लवी श्रीवास्तव रहीं, जो डिजिटल रणनीति और संचालन सुधार की विशेषज्ञ हैं। उन्होंने ?संचालन में दक्षताः आधुनिक स्टार्टअप्स के लिए डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की रणनीतियाँ विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में स्टार्टअप्स को टिके रहने और तेजी से बढ़ने के लिए टेक्नोलॉजी को अपनाना अत्यावश्यक हो गया है। उन्होंने छात्रों को क्लाउड कंप्यूटिंग, ऑटोमेशन, डेटा एनालिटिक्स और ग्राहक केंद्रित डिजिटल समाधानों के बारे में व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से समझाया।

इस आयोजन की सफलता में जिन प्रमुख शिक्षाविदों और समन्वयकों का उल्लेखनीय योगदान रहा, वे हैं, श्रीमती वंदना शर्मा, विभागाध्यक्ष, श्रीमती योगिता कौशिक, विभागाध्यक्ष, श्री गौरव शर्मा तथा श्री सत्यवीर सिंह, विभागाध्यक्ष। इन सभी ने आयोजन की योजना बनाने से लेकर समन्वय, तकनीकी मूल्यांकन और समापन तक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को भागीदारी प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, और छात्रों ने वक्ता से प्रश्न पूछ कर व्यावहारिक दृष्टिकोण को और बेहतर समझा।

'नेशनल प्रेस टाइम्स'
दैनिक समाचार पत्र में एनसीआर के जनपदों के लिए ब्यूरो चीफ, तहसील ब्यूरो, संवाददाता व मार्केटिंग के लिए इच्छुक लड़के व लड़की सम्पर्क करें।
विज्ञापन, न्यूज, आदि के लिए संपर्क करें।

सुखपाल सिंह (संपादक)
प्रमोद मिश्रा (सह-संपादक)
8448184482
एस.के. राणा (सह-संपादक)
8938805409
पता : 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद
फोन- 0120-4549844, मो. 9312606107
nationalpresstimes@gmail.com/
www.nationalpresstimes.com

नेशनल प्रेस टाइम्स की तरफ से मुफ्त कानूनी सलाह ले सकते हैं।
एडवोकेट आदर्श कुमार राय
(इलाहाबाद हाईकोर्ट)
09415624173

स्वामी- प्रकाशक, मुद्रक एवं सम्पादक सुखपाल सिंह ने 209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं पुरराज प्रिंटिंग एंड पैकिंग प्राइवेट लिमिटेड प्रेस ई-19,सेक्टर-6,नोएडा, गौतमबुद्धनगर (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित। RNI No. : UPHIN/2015/64579 मुख्य कार्यालय-209, द्वितीय तल, दुर्गा चैम्बर, आरडीसी, राजनगर, गाजियाबाद। मो. 9312606107, फोन- 0120-4549844, nationalpresstimes@gmail.com/ www.nationalpresstimes.com नोटः- समाचार पत्र से संबंधित किसी भी विवाद के निपटारे के लिए न्याय क्षेत्र गाजियाबाद ही होगा। *पीआरबी अधिनियम के अनुसार समाचार चयन और संपादन के लिए उत्तरदायी। समाचार पत्र में छपने वाले विज्ञापन की सत्य/ असत्य की जानकारी स्वयं करें, किसी भी विज्ञापन की असत्यता की जिम्मेदारी समाचार पत्र की नहीं होगी।